CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति " ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव



APEX SUPER
SPECIALITY HOSPITAL
ब्रॉकोस्कोप फेफड़े का ईलाज
राजनांदगांव का एक मात्र सबसे क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल, छत्तीसगढ़ के सबसे अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा...
07744459998, 6261925061, 9424152124, 8269099654
infront of Radhaswami Satsang Hall, Dongargaon Road, Basantpur, Rajnandgaon (C.G.)

वर्ष- 44 | अंक - 256 | राजनांदगांव, रविवार 03 अगस्त 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## काशी में मोदी बोले- सिंदूर के बदले का वचन पूरा : टैरिफ वॉर के बीच कहा- वही खरीदेंगे-बेचेंगे जिसे बनाने में भारतीय का पसीना बहा

वाराणसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में भारत की अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी बताया था. उनके इस तंज के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से करारा संदेश दिया और कहा कि भारत अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है. पीएम मोदी ने देशवासियों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया और कहा कि अब समय आ गया है कि हर भारतीय, हर खरीदारी में देशहित को प्राथमिकता दे.

प्रधानमंत्री ने साफ कहा- अब भारत भी हर चीज को परखने के लिए सिर्फ एक ही तराजू इस्तेमाल करेगा- वो है, भारतीय पसीने से बनी चीजें. उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है जब देश का हर नागरिक, हर दुकानदार और हर उपभोक्ता इस मंत्र को अपनाए कि हम वही खरीदेंगे जो भारत में बना हो, जिसे भारतीय हाथों ने गढ़ा हो और जिसमें हमारे देश का पसीना हो. वैश्विक अस्थिरता के दौर में भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में यह सिर्फ सरकार की नहीं, हर भारतवासी की जिम्मेदारी है.

प्रधानमंत्री का कहना था कि आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही है. अस्थिरता का माहौल है. ऐसे में दुनिया के देश अपने-अपने हितों पर



फोकस कर रहे हैं. भारत भी दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है. इसलिए भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना ही है. भारत को भी अपने किसानों, लघु उद्योगों, युवाओं और रोजगार जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देनी होगी. उन्होंने आगे कहा, भारत को अब सजग रहना होगा. कौन सी चीज खरीदनी है, इसका सिर्फ एक ही तराजू होगा- वो जिसमें भारत के किसी नागरिक का पसीना बहा हो. हम वही चीजें खरीदेंगे जो भारत में बनी हों. भारतीय कौशल से बनी हों, भारतीय हाथों से बनी हों. यही हमारे लिए असली स्वदेशी है. प्रधानमंत्री मोदी ने इस संकल्प को सिर्फ सरकार या राजनीतिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### प्रधानमंत्री मोदी ने काशी को दी 2200 करोड़ की सौगात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में करीब 2,200 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। यह उनका 51वां दौरा था अपने लोकसभा क्षेत्र का। पीएम मोदी ने वाराणसी-भदोही रोड और छितौनी-शूल टंकेश्वर रोड के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का उद्घाटन किया। इसके साथ ही, हरदत्तपुर रेलवे ओवरब्रिज का भी उद्घाटन हुआ, जिससे मोहन सराय-अडालपुरा रोड पर ट्रैफिक जाम की समस्या में राहत मिलेगी। प्रधानमंत्री ने डलमंडी, लहरतारा-कोटवा, गंगापुर, बाबतपुर जैसे क्षेत्रों में ग्रामीण और शहरी सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के कार्यों का शिलान्यास किया। साथ ही, खलीसपुर यार्ड और लेवल क्रॉसिंग 22C पर नए रेलवे ओवरब्रिज की भी नींव रखी। इस दौरे में बिजली के क्षेत्र में भी बड़ी घोषणाएं हुईं। पीएम मोदी ने स्मार्ट डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट और अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिकल इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कार्यों का शिलान्यास किया, जिसकी कुल लागत 880 करोड़ से अधिक है।

## सीएम विष्णुदेव साय बोले - समृद्ध और खुशहाल किसान विकसित छत्तीसगढ़ का मजबूत आधार

रायपुर। सावन के पवित्र महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी (उत्तर प्रदेश) से देशभर के 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त के रूप में 20500 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर स्थित उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के सभागार से प्रदेश के किसानों के साथ वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े।



**पीएम मोदी ने जारी की किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वृहद किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 2019 से अब तक देशभर के किसानों को 3.75 लाख करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके खातों में भेजी जा चुकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर काम कर रही है और पीएम किसान निधि इसका सशक्त उदाहरण है। मोदी ने कहा कि कृषि विकास में पिछड़े जिलों के लिए 'प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना' की शुरुआत की गई है और इसके लिए 24 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि सिंचाई योजनाओं पर भी सरकार बड़े पैमाने पर निवेश कर रही है ताकि खेतों तक पानी पहुंच सके और उत्पादन में वृद्धि हो। प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को राहत देने के उद्देश्य से 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' संचालित है, जो उन्हें संकट से उबारने का कार्य करती है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि 1.5 करोड़ से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं और 3 करोड़ के लक्ष्य में से आधा काम हमने पूरा कर लिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को पवित्र श्रावण मास की शुभकामनाएं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जांच अधिकारियों ने मुझे प्रताड़ित किया और मोदी, योगी समेत अन्य लोगों का नाम लेने के लिए मजबूर किया, प्रज्ञा ठाकुर का बड़ा बयान

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट मामले में एनआईए की विशेष अदालत से 17 साल बाद बरी होने के बाद पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने जेल में बिताए अपने दिनों को याद करते हुए कहा कि मुझ पर इतना अत्याचार किया गया कि इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है.



पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि ्रूस अधिकारियों ने मुझे 13 दिनों तक अवैध रूप से रखा. इस हिरासत के दौरान मुझे जितनी यातनाएं दी गईं, ऐसे अत्याचार किए गए जिसके लिए शब्द कम पड़ जाएंगे. शब्दों की भी अपनी मर्यादा होती है.

साध्वी प्रज्ञा ने आगे कहा, मुझे नरेंद्र मोदी, योगी आदित्यनाथ, मोहन भागवत, सुदर्शन, इंद्रेश, रामजी माधव जैसे लोगों के नाम लेने के लिए मजबूर किया जाता था. वे कहते रहे कि इन लोगों के नाम लो तो हम तुम्हें नहीं मारेंगे. उनका मुख्य उद्देश्य मुझे प्रताड़ित करना था. मुझसे सब कुछ असत्य बोलने के लिए कहा जा रहा था. इसलिए मैंने किसी का नाम नहीं लिया. भाजपा की पूर्व सांसद ने कहा कि इन लोगों ने प्रताड़ित करके बहुत कुछ कहलवाना चाहा, लेकिन हम असत्य बोलेंगे नहीं. राष्ट्र को भयभीत होने की जरूरत नहीं है. देशभक्त अपने देश के लिए जीता और मरता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पूर्व सांसद रेवन्ना को उम्र कैद की सजा; दुष्कर्म के मामले में एक दिन पहले ठहराए गए थे दोषी

बंगलूरू। कर्नाटक की विशेष अदालत की तरफ से दुष्कर्म के एक मामले में दोषी करार दिए गए जनता दल सेक्युलर (जदएस) नेता और पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। जानकारी के मुताबिक विशेष अदालत के जज संतोष गजानन भट्ट ने सजा का ऐलान किया। पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ दुष्कर्म के चार मामले दर्ज हैं। मामला 48 वर्षीय महिला से जुड़ा है, जो हासन जिले में रेवन्ना के परिवार के गन्निकाडा फार्महाउस में घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी।



### हाईकोर्ट में अपील कर सकता है रेवन्ना

वहीं इस मामले में विशेष लोक अभियोजक अशोक नायक ने कहा, आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है और उस पर जुर्माना भी लगाया गया है... वह उच्च न्यायालय में सजा को चुनौती दे सकता है।

### प्रज्वल रेवन्ना पर क्या हैं आरोप

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का पौत्र रेवन्ना 2021 में हासन के फार्महाउस और बंगलूरू में अपने घर में महिला के साथ दो बार दुष्कर्म करने का दोषी पाया गया। उसने इस कृत्य को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड भी कर लिया था। साथ ही धमकी दी थी कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो वह वीडियो लीक कर देगा।

### पीड़िता की गवाही रही अहम

विशेष सरकारी वकील अशोक नायक ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने 26 गवाहों से बयान लिए और 180 दस्तावेज जमा किए। मुख्य साक्ष्य पीड़िता का था, जो बहुत ही विश्वसनीय था। मामले की जांच करने वाले विशेष जांच दल ने सितंबर 2024 में 1,632 पेज का आरोपपत्र दायर किया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राहुल गांधी का दावा- कृषि कानून पर अरुण जेटली ने धमकाया था, बीजेपी बोली- 2019 में उनका निधन हुआ, 2020 में कैसे मिले?

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि कृषि कानूनों के विरोध प्रदर्शन को लेकर अरुण जेटली को उन्हें धमकाने के लिए भेजा गया था। कांग्रेस सांसद ने यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वार्षिक विधि सम्मेलन में बोली है।



राहुल गांधी के इस आरोप पर अरुण जेटली के बेटे रोहण जेटली ने प्रतिक्रिया दी है। रोहण जेटली ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर उनके पिता पर गलत बयान देने का आरोप लगाया है।

**क्या बोले रोहण जेटली:** अरुण जेटली के बेटे रोहण जेटली ने सोसल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अब दावा कर रहे हैं कि मेरे दिवंगत पिता अरुण जेटली ने उन्हें कृषि कानूनों को लेकर धमकाया था। मैं उन्हें याद दिला दूं कि मेरे पिता का देहांत 2019 में हुआ था। कृषि कानून 2020 में पेश किए गए थे।

**'वह एक कट्टर लोकतांत्रिक व्यक्ति थे'**

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष ने कहा कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि मेरे पिता का स्वभाव किसी को भी विरोधी विचार के लिए धमकाना नहीं था। वह एक कट्टर लोकतांत्रिक व्यक्ति थे और हमेशा आम सहमति बनाने में विश्वास रखते थे। उन्होंने आगे लिखा कि अगर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चुनाव आयोग मोदी जी की कठपुतली, ईसी पर भड़के कांग्रेस अध्यक्ष खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को चुनाव आयोग पर जोरदार हमला बोला और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कठपुतली तक बता दिया। एक दिन पहले पार्टी सांसद राहुल गांधी इस संवैधानिक संस्था पर वोट चोरी का आरोप लगाते हुए सबूतों का एटम बम फोड़ने तक जैसी बात कह चुके हैं। खरगे ने आरोप लगाया है कि आयोग गरीबों और वंचितों को मताधिकार से वंचित करने के लिए व्यवस्थित रूप से काम कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव आयोग बीजेपी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार से मिलकर जानबूझकर खासकर दलितों, पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों और गरीबों का नाम मतदाता सूची से हटा रहा है।



### इलेक्शन कमीशन मोदी जी की कठपुतली है

कांग्रेस की ओर से आयोजित एक लीगल कॉन्क्लेव में खरगे ने कहा कि बिहार में 65 लाख या एक करोड़ वोटरों को मताधिकार से वंचित कर देना दलितों और पिछड़ों को वोटिंग से रोकने की सोची-समझी साजिश है। इलेक्शन कमीशन मोदी जी की कठपुतली है। उन्होंने दावा कि 7 करोड़ वोटरों में से एक करोड़ का नाम बिना किसी उचित वजह के हटा दिया गया और इससे साफ जाहिर होता है कि समाज के कमजोर वर्गों को उनके संवैधानिक अधिकारों से दूर किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा, संवैधानिक अधिकारों के समाप्त किए जाने के लिए सरकार और चुनाव आयोग जिम्मेदार है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले की गंभीरता को संज्ञान में लिया है, लेकिन कई सुनवाई के बावजूद चुनाव आयोग ने अपना बर्ताव नहीं बदला। खरगे ने वोटरों के नाम काटे जाने को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### केन्द्रीय केबिनेट की बैठक में छह बड़े निर्णय

## देश में 100 फूड टेस्टिंग लेबो. की स्थापना होगी

नई दिल्ली। केन्द्रीय केबिनेट की बैठक में छह बड़े निर्णय लिए गए हैं। इस बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पी.एम.के. एस. वाय.) के लिए 6520 करोड़ के कुल अनुमानित खर्च को स्वीकृति दी गई है। जिसमें 1920 करोड़ रूपए की अधिक की राशि का भी समावेश होता है। जो 15 वीं पंचवर्षीय योजना (2021-22 से 2025-26) के दौरान खर्च की जावेगी।

इस स्वीकृति में दो प्रमुख घोषणाएं का समावेश होता है। जिसमें 1000 करोड़ के खर्च देश भर में 50 मल्टीप्रोडक्टस् फुड ईररेडियेशन युनिट्स की स्थापना की जावेगी। इसी के साथ, 100 फुड टेस्टिंग लेब्स की भी स्थापना की जाएगी। जो एम.ए.बी.एल. के पास से मान्यता प्राप्त होंगे।

कैबिनेट, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, पश्चिमी बंगाल, बिहार, उड़ीसा और झारखण्ड जैसे राज्यों के 13 जिलों को शामिल करके चार मल्टी ट्रेडिंग प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई थी। केबिनेट की इस मंजूरी से भारतीय रेलवे के वर्तमान नेटवर्क में लगभग 574 किलोमीटर की वृद्धि होगी।

इसके अलावा, नेशनल को-आपरेटिव डेवलपमेंट कारपोरेशन (एन.सी.डी.सी.) के बजट में 2000 करोड़ की वृद्धि की गई है। इसी के साथ, प्रधानमंत्री कृषि सम्पदा योजना के लिए 6520 करोड़ रूपए प्रदान किए गए हैं। कैबिनेट की बैठक के बाद रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव द्वारा एक ब्रीफिंग में यह जानकारी दी गई थी। कैबिनेट की बैठक में इटारसी-नागपुर के मध्य चौथी रेल लाईन बनाने की मंजूरी दी गई थी। इस परियोजना का खर्च 5451 करोड़ रूपए होगा। अबुबाड़ी रोड-न्यू जलपाईगुड़ी के बीच तीसरी और चौथी लाईन को भी मंजूरी दी गई है। छत्रपति संभाजीनगर-परमनी के बीच 177 किलोमीटर लम्बी रेलवे लाईन के डबलिंग के लिए 2179 करोड़ रूपए मंजूर किए गए हैं।

## मंत्री नेताम के खिलाफ फर्जी लेटर-पैड से पीएमओ में शिकायत : 80-90 जगह पत्र भेजकर भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम के खिलाफ फर्जी लेटर के जरिए पीएमओ में शिकायत की गई है। आरोपियों ने करीब 80-90 जगह फर्जी लेटर पैड में शिकायत भेजकर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। उन्होंने महाराष्ट्र के एक हिंदू संगठन के नेता के नाम का फर्जी लेटर पैड इस्तेमाल किया था। बीजेपी नेताओं को जब इस फर्जीवाड़ा का पता चला, तो भाजपा नेता राहुल हरितवाल ने 1 अगस्त को थाने में शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने दो-तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। मामला राखी थाना क्षेत्र का है।



**रायपुर में एफआईआर, 3 संदिग्ध हिरासत में**

भाजपा नेता राहुल हरितवाल के शिकायत के अनुसार, 29 अप्रैल 2025 को डाक से प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रपति और अन्य संस्थानों को 80-90 शिकायतें भेजी गईं। यह शिकायत महाराष्ट्र की राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत संघचालक सुनील घनवट के फर्जी लेटरपैड और हस्ताक्षर के साथ भेजी गई थी। जब राहुल हरितवाल ने इन शिकायतों की सच्चाई जानने के लिए सुनील घनवट से संपर्क किया, तो उन्होंने ऐसी कोई भी शिकायत देने की बात से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने पुणे पुलिस में इसकी लिखित शिकायत भी दर्ज कराई। शिकायतकर्ता का कहना है कि, जांच में सामने आया कि ये शिकायतें कोरबा के हसदेव उप डाकघर से भेजी गई थीं। दो युवक बाइक से आकर डाकघर में रजिस्टर्ड डाक के जरिए यह पत्र पोस्ट कर गए थे। मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान मोहन मिरी और कमल वर्मा के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि ये मंत्री को बदनाम करने की संगठित साजिश है। इस मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त एक्शन होनी चाहिए। इस मामले में राखी पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इनसे पूछताछ कर पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318,319 और 336 के तहत मामला दर्ज किया है। यह धारा धोखाधड़ी और जानबूझकर झूठे दस्तावेज बनाने से जुड़ी हैं।

## खतरे में संविधान, वैचारिक तख्तापलट कर रही है भाजपा; सोनिया का बड़ा हमला

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शनिवार को भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए आरोप लगाया कि संविधान खतरे में है क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी अपनी शक्ति का इस्तेमाल उसी ढांचे को खत्म करने के लिए कर रही है जिसका वह लंबे समय से विरोध करती रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमारे लोकतांत्रिक गणराज्य की जगह कुछ ताकतवर लोगों की सेवा करने वाले एक धर्मतंत्र-आधारित कॉर्पोरेट राज्य को स्थापित करके वैचारिक तख्तापलट करने की कोशिश कर रही है।



संवैधानिक चुनौतियां - परिप्रेक्ष्य और मार्ग विषय पर आयोजित राष्ट्रीय विधि सम्मेलन में पढ़े गए अपने विशेष संदेश में सोनिया गांधी ने कहा कि संविधान को कमजोर करने के हर प्रयास का कांग्रेस संसद में, अदालतों में और सड़कों पर विरोध करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक भारतीय की गरिमा की रक्षा करना न केवल राजनीतिक, बल्कि वैचारिक प्रतिबद्धता भी है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ÷आज संविधान खतरे में है। भाजपा-आरएसएस, जिन्होंने कभी स्वतंत्रता के लिए लड़ाई नहीं लड़ी और न (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राहुल गांधी का दावा: चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में धांधली की, 5 अगस्त को बेंगलुरु में देंगे सबूत

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का कहना है कि उनके पास एटम बम है, जो वह पांच अगस्त को बेंगलुरु में फोड़ेंगे। राहुल ने साफ किया कि मंगलवार को वह कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में चुनाव आयोग के खिलाफ सबूत देंगे। इसके साथ ही फ्रीडम पार्क से लेकर चुनाव आयोग के कार्यालय तक प्रदर्शन किया जाएगा। राहुल इससे पहले भी चुनाव आयोग को चेतावनी दे चुके हैं। हालांकि, आयोग उनके आरोपों को सिरे से नकारता रहा है।

राहुल गांधी ने कहा कि जब मध्य प्रदेश, राजस्थान जैसे राज्यों में उन्हें कोई सीट नहीं मिली तो हैरानी हुई। उन्होंने चुनाव में धांधली की बात कही तो उनसे सबूत मांगा गया। अब वह सबूत लेकर आए हैं। राहुल गांधी का कहना है कि कर्नाटक में मतदान के दौरान गड़बड़ी हुई थी। लंबी जांच के बाद उन्हें इसका सबूत भी



मिल चुका है। यह सबूत पांच अगस्त को सबसे सामने पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट में अचानक से 40 से 45 साल के मतदाताओं के नाम जोड़ दिए गए। नए मतदाताओं की उम्र 18-20 साल के करीब होती है, लेकिन उम्रदराज मतदाताओं का नाम बड़ी संख्या में वोटर लिस्ट में जुड़ना संदेह पैदा करता है। उन्होंने कहा कि छह महीने की मेहनत से यह एटम बम बनाया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### अगर सबूतों का एटम बम है तो तुरंत फोड़ देना चाहिए- राजनाथ

इन दिनों विपक्षी दलों द्वारा लगातार चुनाव आयोग पर निशाना साधा जा रहा है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी वोटों की चोरी का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि निर्वाचन आयोग बिहार में 'वोट चोरी' में शामिल है और इस बारे में उनके पास ऐसा पुख्ता सबूत है, जो 'एटम बम' की तरह है, जिसके फटने पर आयोग को कहीं छिपने की जगह नहीं मिलेगी। उनके इसी बयान का जवाब आज पटना में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिया। उन्होंने कहा कि अगर राहुल गांधी के पास सबूतों का एटम बम है तो उन्हें तुरंत इसे फोड़ देना चाहिए। पटना में (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## मानव तस्करी और धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार ननों की रिहाई

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में मानव तस्करी और धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार केरल की दो ननों को आज एनआईए अदालत द्वारा ज़मानत दिए जाने के बाद जेल से रिहा कर दिया गया। सीपीआई सांसद पी. संदोष कुमार और केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर और अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया।



**एनआईए कोर्ट से मिली जमानत**

मानव तस्करी और धर्मांतरण के मामले में दुर्ग केंद्रीय जेल में बंद केरल की दो ननो को आज बिलासपुर एनआईए कोर्ट से जमानत मिल दे दी है। केरल के भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर आज दुर्ग जेल पहुंचे। और दोनो नन से की मुलाकात की। इसके कुछ देर में बाद जब दोनो नन को महिला बंदी गृह से रिहा किया।तब प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर दोनो नन को अपने साथ इनोवा कार में बिठाकर रायपुर रवाना हो गए। इससे पूर्व ननो को जमानत मिलने की खुशी में केरल के सांसद और विधायको के द्वारा जेल के बाहर मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गई। पूरा मामला 25 जुलाई को दुर्ग रेलवे स्टेशन पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# आज शहर के 15 केंद्रों में होगी प्रयोगशाला सहायक की परीक्षा

राजनांदगांव (दावा)। शहर के दिग्विजय महाविद्यालय सहित 15 परीक्षा केंद्रों में आज प्रयोगशाला सहायक की परीक्षा आयोजित है। व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित यह परीक्षा आज 3 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक निर्धारित है।

- ओरिजनल पहचान पत्र से मिलेगा परीक्षा केंद्र में प्रवेश
- परीक्षा में आधी बांह के कपड़े पहनने की अनुमति

आज शहर के जिन स्कूलों में परीक्षा होने वाली है उनमें पं. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल बसंतपुर, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्कूल गौरव पथ, जीएमएम स्कूल शंकरपुर शासकीय हाईस्कूल पनेका मिनीमाता कन्या पालिटेक्निक-पेंड्री, म्युनिसिपल हाईस्कूल आदि है।

### परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थी की होगी जांच

व्यापमं की परीक्षा में पूर्व में हुई नकल की घटना को देखते हुए अब परीक्षा को काफी कड़ी कर दी गई है। अभी हुई आबकारी भर्ती परीक्षा में यह देखने को मिला था। व्यापमं की इस प्रयोगशाला सहायक की परीक्षा में अभ्यर्थियों को ओरिजनल पहचान पत्र दिखाने पर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिलेगा। परीक्षा के पूर्व पूरी जांच होगी। उनके हाथों की हैंड हेल्ड मेंटल डिटेक्टर से तलाशी ली जाएगी। फ्रिस्किंग किया जाएगा। महिलाओं अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस द्वारा की जाएगी। व्यापमं के निर्देशो का पालन नहीं करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा देने से वंचित कर दिया जाएगा। बताया जाता है कि परीक्षा में अभ्यर्थियों को आधी बांह के कपड़े पहनने की अनुमति होगी। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा केंद्र से बाहर जाना वर्जित है। व्यापमं की इस प्रयोगशाला सहायक की परीक्षा में अभ्यर्थियों को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन? कार्ड, आधार कार्ड जिसमे अभ्यर्थी की फोटो हो केंद्र में लाना अनिवार्य होगा।मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

बहरहाल शहर के दिग्विजय कालेज सहित कमला कालेज शिवनाथ, म्युनिसिपल स्कूल, महारानी स्कूल, प्यारेलाल स्कूल, गायत्री विद्यापीठ, गुरुनानक, रायल किड्स आदि सहित अन्य स्कूलों में आयोजित प्रयोगशाला सहायक की परीक्षा के लिए उक्त केंद्रों व स्थानीय प्रशासन द्वारा तगड़ी व्यवस्था की गई है।

# डॉ. शंकर मुनि राय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में देंगे भारतीय जनजातीय संस्कृति पर व्याख्यान



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शंकर मुनि राय को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में आयोजित होने वाले दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह सेमिनार इसी माह 23 और 24 अगस्त को आयोजित होगा। जिसमें डॉ. राय भारतीय जनजातीय संस्कृति पर अपना व्याख्यान देंगे।

यह सेमिनार भारत की विलुप्त हो रही पारंपरिक आदिवासी और भोजपुरी लोक संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार इसमें अमेरिका, बांग्लादेश, नेपाल, लीबिया, तुर्की और कैलिफोर्निया जैसे देशों से भी साहित्यकार और लोक कलाकार शामिल होंगे। यह कार्यक्रम पिछले 30 वर्षों से जीवनोदय शिक्षा समिति के सौजन्य से लगातार आयोजित हो रहा है। इस आयोजन के सूत्रधार अंग्रेजी और भारतीय लोकभाषा-साहित्य के विद्वान डॉ. रामनारायण तिवारी हैं।

### विविध लोक कलाओं का होगा प्रदर्शन

डॉ. तिवारी के अनुसार, सेमिनार में व्याख्यान के साथ-साथ भारत की विभिन्न लोक कलाओं का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसमें आदिवासी लोकगीत-नृत्य, जंतसार, बारहमासा, चौमासा, गारी-जेवनारी, संसारी, लोरकी, सोरठी, आल्हा, चौसर, पंवरिया नृत्य, नेटुआ नृत्य, धोबी नृत्य, लवंडा नाच और भिखारी ठाकुर के लोक नृत्य की मंचीय प्रस्तुतियां भी शामिल होगी। इस आयोजन में लोक कलाकार मंच पर और लोक प्रतिनिधि जमीन पर बैठकर अपनी संस्कृति का अनुभव करते हैं।

# छत्तीसगढ़ हॉकी टीम ने गोवा, अरुणाचल व बंगाल को हराया, बी डिवीजन में किया पूल टॉप

### अभिषेक, गुलशन और आदर्श बने मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, चयनित खिलाड़ियों को मिलेगा यूरोप टूर का अवसर



राजनांदगांव (दावा)। तमिलनाडू की राजधानी चेन्नई स्थित मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में 28 जुलाई से 8 अगस्त तक चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बी डिवीजन के पूल 'बी' में शीर्ष स्थान हासिल किया है। छग हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने जानकारी दी कि छग टीम ने अब तक खेले गए मुकाबलों में अरुणाचल प्रदेश को 4-0 और बंगाल को 6-2 से पराजित किया है। इसके पहले टीम ने उद्घाटन मुकाबले में गोवा को 4-0 से हराया था। जबकि गुजरात के खिलाफ संघर्षपूर्ण मुकाबले में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। इस पूल में कुल पांच टीमें– गोवा, गुजरात, अरुणाचल प्रदेश, बंगाल और छत्तीसगढ़ शामिल थी।

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से कुल 29 टीमें भाग ले रही हैं। हॉकी इंडिया द्वारा नियुक्त चयनकर्ता इस चैंपियनशिप के माध्यम से 50 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए करेंगे। बाद में इन्हीं में से चुनिंदा खिलाड़ी भारत की सब जूनियर टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए यूरोप महाद्वीप में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। छग हॉकी संघ के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ हुए मुकाबले में आदर्श, रेहान, मनीष वट्टी एवं अभिषेक ने एक-एक गोल किए, जबकि बंगाल के विरुद्ध आदर्श ने 4 गोल और अभिषेक व अमन ने एक-एक गोल किए। प्रदर्शन के आधार पर गुलशन को गोवा के विरुद्ध, आदर्श को अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ और अभिषेक को बंगाल के विरुद्ध शानदार प्रदर्शन के लिए 'मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' चुना गया। छत्तीसगढ़ हॉकी टीम अनुभवी प्रशिक्षण दल के साथ इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग ले रही है। जिसमें मुख्य कोच शकील अहमद (खेलो इंडिया) तथा अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे मैनेजर की भूमिका निभा रहे हैं। सहायक कोच के रूप में तोरण सिन्हा टीम के साथ हैं। इस युवा टीम में प्रदेश के 18 प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं। जिसमें गुलशन यादव, आदर्श सिंह, अभिषेक यादव, अमन वर्मा, नमन देवांगन, रहान खान, पियूष कुमार साहू, लियांश सारथी, मोहित कश्यप, मनीष वट्टी, प्रीतम कुजूर, अमन नाग, अनिकेत कुजूर, अंकित कुजूर, रेहान शेख, मनीष मोरिया, हिमांशु मल्लिक और सौर्य वर्मा आदि शामिल है। छत्तीसगढ़ हॉकी टीम के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर राज्यभर के खेलप्रेमियों एवं खेल संगठनों ने टीम को बधाई दी है।

# महापौर ने किया वार्ड 28 और 30 में 72 लाख रूपए के विकास कार्यो का भूमिपूजन

### सामुदायिक भवन, मंच एवं रोड नाली निर्माण के लिए दोनों वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में भूमिपूजन



राजनांदगांव (दावा)। हमारे कार्यकाल के प्रथम चरण में वार्डो में विकास कार्य कराने विधायक डॉ. रमन सिंह व सांसद संतोष पाण्डे की अनुशंसा से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी। अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृति अनुसार शहर के 51 वार्डो में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है। विकास कार्य कडी में वार्ड नं. 28 मठपारा में एवं तालाब के पास 10-10 लाख रूपए की लागत से दो सामुदायिक भवन, 4.50 लाख रूपए की लागत से मंच निर्माण, मठपारा में 15 लाख रूपए की लागत से रोड एवं नाली निर्माण तथा पार्षद निधि से 3 लाख रूपए की लागत से चबुतरा व शेड निर्माण, इसी प्रकार वार्ड नं 30 कंचन बाग विश्वकर्मा मंदिर के पास 15 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, शिवनाथ कालोनी में 1.50 लाख रूपए की लागत से मंच निर्माण, शांति विजय कालोनी के पास महापौर निधि से 3.50 लाख रूपए की लागत से नाली निर्माण कार्य किया जाएगा।

भूमिपूजन अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव ने उक्त बातों के अलावा कहा कि दोनों वार्ड में निर्माण कार्य कराने आज अलग-अलग कार्यक्रम में पार्षदों एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य बहुत जल्द धरातल में दिखेगा और वार्डवासी इसका लाभ उठा सकेगे।

आज मठपारा एवं कंचन बाग में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य राजेन्द्र रानू जैन व डीलेश्वर प्रसाद साहू, वार्ड पार्षद शरद अमित कुशवाहा व चंद्रशेखर लश्करे, पूर्व पार्षद श्रीमती ओमकला कुशवाहा, विजय राय, शरद सिन्हा, गप्पू सोनकर, अरूण दामले व विठ्ठल पटेल की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के पूर्व वार्ड नं 28 में गुड्डू हटवार, डॉ. कल्याण साहू, विनोद यादव, उमेश पालीवाल, संतोष हटवार, राकेश बिसने, किशन यादव, कार्तिक राम दहीबेले, सोनू यादव, दुर्गा मेश्राम, हमीदा बेगम, विद्या मानकर, द्वारकी बाई, जगजीवन बिजलेकर, नूतन साहू, गोपाल कोहराम, अंगद यादव, राजेन्द्र दुबे, गया प्रसाद यादव, अशरफ गोरी, संध्या लहरे एवं वार्ड नं. 30 में अरुण शुक्ला, कमल किशोर राजपूत, भरत पटेल पवन पटेल, विश्वकर्मा मंदिर समिति अध्यक्ष अलकूयादव कोषाध्यक्ष घनश्याम पित्रोदा, सचिव राजेंद्र श्रोती ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर उपअभियंता श्रीमती पिंकी खाती सहित वार्डवासीं बडी संख्या में उपस्थित थे।

# श्रीराम कृषि महाविद्यालय में पुष्प उत्पाद प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। श्रीराम कृष महाविद्यालय ठाकुरटोला, राजनांदगांव में बी.एस.सी. प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्प उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन 31 जुलाई को संपन्न किया गया। जिसमें स्टॉल लगाकर पुष्प आभूषण, पुष्प रंगोली, लघु उद्यान, फोटो फ्रेम, गुलदस्ता, गुलकंद, गुलाब जल, गुलाब जैम, बोनसाई एवं विभिन्न गुलाब आधारित मूल्य संवर्धित वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के मार्गदर्शक पोषेन्द्र सिन्हा (सहायक प्राध्यापक उद्यानिकी) द्वारा बताया गया कि यह पोस्ट हार्वेस्ट प्रसंस्करण तकनीक विषय जो कि फूलों से संबंधित है, नई शिक्षा नीति के तहत छात्रों का कौशल विकास कर उनमें उद्यमिता विकसित किया जा सकता है जो कि नए रोजगार का सृजन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के संचालक नरेंद्र गौतम, प्राचार्या श्वेता शुक्ला, प्राध्यापक एनोश ग्राहम, दुर्गेश पटेल, प्रीति सिंह, किशन सिंह, सौम्या शुक्ला एवं तारामती साहू उपस्थित थे।

# एक्सपर्ट जिम समिति के संरक्षक बने मनीष सिंह गौतम



राजनांदगांव (दावा)। शहर की एक्सपर्ट जिम समिति ने 29 जुलाई को एक भव्य पावर लिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग प्रदर्शन का आयोजन किया। इसी समारोह के दौरान शहर के जाने-माने खेलप्रेमी और कांग्रेस कमेटी के खेलकूद प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनीष सिंह गौतम को समिति का संरक्षक मनोनीत किया गया। यह पद आयरन खेलों के प्रेरणा स्त्रोत रहे स्वर्गीय पुरुषोत्तम आजमानी के स्थान पर दिया गया है। श्री गौतम का चयन खेलों में उनकी गहरी रुचि और निरंतर सहयोग के कारण किया गया है। वे कला, संगीत और विशेष रूप से हॉकी से जुड़े गौतम परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने खुद राष्ट्रीय और विश्वविद्यालय स्तर की कई हॉकी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है और उनके मार्गदर्शन में कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शहर और प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कुलबीर सिंह छाबड़ा (अध्यक्ष, शहर कांग्रेस कमेटी) और मेहुल मारू (सचिव, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी) मौजूद थे। इनके साथ ही डॉ. रोहन सोनकर, युवराज ढिंढी, श्रीमती प्रतिमा बंजारे और अरुण साहू (वार्ड पार्षद 48) जैसे विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहे। एक्सपर्ट जिम समिति के पदाधिकारियों तामेश्वर बंजारे, श्रीमती अंजू बंजारे, गोपेन्द्र बंजारे, खिलेश्वर बंजारे, संदीप सोनी, डॉ. रोहन सोनकर और उपेन्द्र कुमार ने श्री गौतम को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान नवोदित खिलाड़ियों ने भी श्री गौतम से आशीर्वाद प्राप्त किया। यह जानकारी एक्सपर्ट जिम समिति के अध्यक्ष और राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग निर्णायक तामेश्वर बंजारे ने दी।







# करमरी हायर सेकेंडरी स्कूल में नए भवन की मांग, 350 छात्र-छात्राएं मूलभूत सुविधाओं से वंचित




राजनांदगांव (दावा)। छुरिया ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित दूरस्थ वनांचल ग्राम करमरी में हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राएं आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। क्लासरूम की कमी के चलते विद्यार्थियों को स्टोर रूम और प्रैक्टिकल रूम में बैठकर अपनी कक्षाएं लेनी पड़ रही हैं।

ग्राम करमरी में वर्ष 2003 में जनभागीदारी से हाईस्कूल खोला गया था, जिसका 2012 में उन्नयन कर हायर सेकेंडरी स्कूल का दर्जा दिया गया। इससे ग्रामीणों और आसपास के बच्चों में खुशी की लहर थी कि अब उन्हें दूर नहीं जाना पड़ेगा, लेकिन पर्याप्त भवन के अभाव में आज भी करीब 350 छात्र-छात्राओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। एक ही क्लासरूम में दो सेक्शन की कक्षाएं लगाई जा रही हैं। जिससे पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है।

सरपंच दीनदयाल साहू, स्कूल के प्राचार्य के.के. साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण साहू और अन्य ग्रामीणों ने लगातार नए भवन की मांग की है। उनका कहना है कि शिक्षा के मंदिर में ऐसी अव्यवस्था भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने प्रशासन से इस समस्या पर ध्यान देने और जल्द से जल्द हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए नया भवन स्वीकृत करने की अपील की है।

# संस्कारसिटी इंटरनेशनल स्कूल करेगा सीबीएसई फार ईस्ट जोन चौंपियनशिप की मेजबानी

### 400 से अधिक खिलाड़ी होंगे शामिल

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव के संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल को इस साल सीबीएसई फार ईस्ट जोन चौंपियनशिप 2025-26 की मेजबानी का गौरव प्राप्त हुआ है। यह प्रतिष्ठित खेल आयोजन 5 से 8 अगस्त तक विद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में लगभग 60 टीमों के 400 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जो विभिन्न सीबीएसई स्कूलों से आएंगे। इन खिलाड़ियों को अलग-अलग खेल विधाओं में अपने कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। विद्यालय की प्राचार्य, श्रीमती रेखा तिवारी ने बताया कि यह आयोजन विद्यार्थियों को खेल और शिक्षा के बीच संतुलन बनाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा, हमारी पूरी टीम जिसमें प्रबंधन, शिक्षक और स्वयंसेवी छात्र शामिल हैं। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं, ताकि सभी प्रतिभागियों को एक यादगार अनुभव मिल सके। इस चौंपियनशिप का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व, अनुशासन और आत्मविश्वास जैसे महत्वपूर्ण जीवन मूल्यों को विकसित करना है। यह प्रतियोगिता छात्रों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ अन्य स्कूलों के साथियों से मिलने और सीखने का भी अवसर प्रदान करेगी। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल का पूरा परिवार इस भव्य आयोजन को लेकर बहुत उत्साहित है और उन्हें विश्वास है कि यह आयोजन खेल के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं को सशक्त करेगा।

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202507093700036 अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिव कुमार यादव आ. मयाराम यादव, निवासी-चौखड़ीयापारा, राजनांदगाँव तहसील व जिला राजांदगाँव के द्वारा शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला मोतीपुर स्थित शीट क्रमांक 11 सी, भूखण्ड क्रमांक 94, क्षेत्रफल 219.00 वर्गमीटर जो धारक सुरेश कुमार, शिवकुमार, शंकर यादव, नारायण यादव आ. स्व. मयाराम यादव, निवासी-मोतीपुर, राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत बंटवारानामा के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 08.08.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगाँव

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202507093700037 अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवकुमार यादव आ. मयाराम यादव, निवासी-चौखड़ीया राजनांदगाँव, तहसील व जिला-राजांदगाँव के द्वारा शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला चौखडयिापारा स्थित शीट क्रमांक 50 ए, भूखण्ड क्रमांक 123/1, क्षेत्रफल 30.00 वर्गमीटर जो धारक सुरेश कुमार, शिवकुमार, शंकरयादव, नारायण यादव आ. स्व. मयाराम यादव, निवासी-चौखडयिापारा, राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत हकत्यागपत्र के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 08.08.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगाँव

**शुभांक**

अनुमानित — बी. के. — 456-5 459-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# नांदगांव में 15 तक 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम



- कलेक्टर ने नागरिकों से की जुड़ने की अपील
- जिले में तिरंगे और स्वच्छता को समर्पित होगा स्वतंत्रता दिवस

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा-2025 कार्यक्रम का आयोजन देशभर में 2 से 15 अगस्त तक किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत राजनांदगांव जिले में भी जनभागीदारी को प्राथमिकता देते हुए विशेष गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष कार्यक्रम का थीम 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' है। जिसका उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाना और स्वच्छता के प्रति जनचेतना को सशक्त बनाना। हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन तीन चरणों में होगा। प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त तक, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त तक एवं तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक विभिन्न आयोजन होंगे।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम के प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त तक विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा आर्ट से सजाया जाएगा। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिताएं, तिरंगे के स्थानीय इतिहास पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगा राखी निर्माण हेतु कार्यशालाएं एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर तीन रंगों के धागों से तिरंगे की बुनाई का प्रदर्शन भी होगा। विद्यालयों में तिरंगे के मूल्यों और उसकी भावना से प्रेरित पत्र लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर जनसहभागिता से तिरंगा मेला और तिरंगा कंसर्ट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभाशाली व्यक्तियों और खिलाड़ियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। तिरंगा कंसर्ट में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त तिरंगा रैली, बाइक और साइकिल रैली का आयोजन भी किया जाएगा। तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, कार्यालयों, बांधों एवं पुलों पर तिरंगा फहराया जाएगा तथा रोशनी की जाएगी। इसी अवधि में स्वच्छता और जल संरक्षण से संबंधित विविध गतिविधियां भी संपन्न की जाएंगी।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत सार्वजनिक संस्थाएं, स्व-सहायता समूह और सामाजिक संगठन को अभियान में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया गया है। जिससे अधिक से अधिक परिवार अभियान से जुड़ सकें। निजी क्षेत्र एवं कॉर्पोरेट संस्थाओं को भी उनके सीएसआर संसाधनों के माध्यम से राष्ट्रीय कार्यक्रम में योगदान देने हेतु आमंत्रित किया गया है। डिजिटल माध्यमों से प्रचार-प्रसार को व्यापक बनाया गया है। नागरिकों को www.harghartiranga.com पोर्टल पर जाकर झंडा फहराने की प्रतिज्ञा लेने और अभियान से डिजिटल रूप से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों को तिरंगा झंडे की खरीदी एवं पैम्पलेट, स्टिकर, बैनर के माध्यम से प्रचार एवं वितरण हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पोस्ट ऑफिस, स्थानीय स्तर के दुकानों को झंडा बिक्री केंद्र के रूप में चिन्हांकित किया गया है। सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों और आवासीय क्षेत्रों में तिरंगा लाइटिंग, रंगोली प्रतियोगिता, सेल्फी जोन और ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किए जा रहे हैं। भारत सरकार द्वारा प्रदत्त पोर्टल पर प्रतिदिन अभियान की प्रगति और गतिविधियों की सतत निगरानी हेतु निर्देश दिए गए है।

### तिरंगे का सम्मान और स्वच्छता की संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक अवसर : सीईओ

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम सिर्फ एक प्रतीकात्मक आयोजन नहीं है, बल्कि यह नागरिक कर्तव्यों की अभिव्यक्ति है। तिरंगे का सम्मान और स्वच्छता की संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक अवसर है। जिले में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले में हर घर तिरंगा अभियान को जनांदोलन के रूप में सफल बनाने का संकल्प लिया गया है, जिसमें हर घर तिरंगा लहराएगा और हर आंगन स्वच्छता का संदेश देगा।

### देश के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त करने का अवसर - कलेक्टर

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि 2 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत देश की आजादी का यह उत्सव हर गांव एवं शहर में मनाया जा रहा है। उन्होंने जिलेवासियों को आह्वान किया है कि 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' की थीम से जुड़ते हुए हमें अपने घर में स्वच्छता को अपनाएं तथा तिरंगा लहराएं। यह अवसर हमें देश के लिए अपना बलिदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा देश के वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता प्रगट करने तथा देश के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त करने का भी है। तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। तिरंगा हमारे स्वाभिमान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। देश की एकता और सौहार्द्र को मजबूत बनाने के लिए इस अभियान में सभी की सहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' इस अभियान में जुड़ने की अपील की है।

# राजनांदगांव सर्किल में लगे 2 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर



राजनांदगांव (दावा)। विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा जारी विद्युत (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियमन 2020, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के द्वारा जारी मीटरिंग कोड एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए नियमों के पालन में प्रदेश के सभी घरेलू, गैर घरेलु एवं शासकीय विभाग के कनेक्शनों में (कृषि पंपों को छोड़कर) के पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटरों से बदला जा रहा है। यह कार्य भारत सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त निर्देशों पर आरडीएसएस योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। इस स्कीम के तहत राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिलें में 2 लाख 8 हजार 907 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। स्मार्ट मीटर लगने के साथ ही उपभोक्ताओं को मोर बिजली एप के माध्यम से हर आधे घंटे की खपत का रिकॉर्ड मिलने लगा है।

कंपनी ने स्मार्ट मीटर के फायदे बताते हुए कहा है कि स्मार्ट मीटर से रियल टाइम डेटा प्राप्त किया जा सकता है। जिससे उपभोक्ताओं को सटीक और समय पर बिलिंग सुनिश्चित की जा रही है। जिससे उपभोक्ताओं की बिलिंग एवं रीडिंग संबंधी शिकायत दूर हो रही है और उपभोक्ता संतुष्ट हैं। पावर कंपनी ने बताया कि ऊर्जा खपत की गणना की दृष्टि से दोनों मीटर एक ही है। परंतु स्मार्ट मीटर की खासियत यह है कि यह पारदर्शिता के साथ सूचना आदान-प्रदान करने की क्षमता रखता है। जिससे आपके बिजली बिल खपत की सारी जानकारी आपको मोबाईल फोन पर मोर बिजली एप के माध्यम से प्राप्त हो जाएगी।



**उपभोक्ता मोबाइल पर देख सकेंगे बिजली की खपत**

गौरतलब है कि जहां-जहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। वहां पर बिलिंग और रीडिंग सही समय पर हो रही है। राजनांदगांव वृत्त के अंतर्गत विभागीय संभाग राजनांदगांव में 74275, डोंगरगढ़ संभाग में 34154, डोंगरगांव संभाग में 27110 इस प्रकार राजनांदगांव जिले में कुल 135539, खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई जिलें में 57648 एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिलें में 15720 घरेलू, गैर घरेलु एवं शासकीय विभाग के कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। कंपनी ने कहा है कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिलेंगी एवं सटीक बिलिंग और ऊर्जा दक्षता में सुधार होगा। स्मार्ट मीटर लगाने का काम समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कंपनी की टीमें लगातार कार्य में जुटी हुई हैं।

पॉवर कंपनी ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगवाने के लिए उपभोक्ताओं से कोई भी शुल्क नहीं लिया जा रहा है। राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिलें में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जीनस कंपनी द्वारा किया जा रहा है। जिनके कर्मचारी यूनिफार्म एवं विद्युत विभाग के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित आईकार्ड के साथ कार्यालयीन समय में मीटर लगाने का कार्य करते हैं। किसी भी उपभोक्ताओं को इन कर्मचारियों से कोई भी शिकायत हो तो संबंधित जोन या वितरण केंद्र के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

राजनांदगांव वृत्त के अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर ने बताया कि विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा जारी विद्युत (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियमन 2020 के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के तारतम्य में चरणबद्ध तरीके से पुराने इलेक्ट्रिकल मीटर को स्मार्ट मीटर से बदलना है। अतः सभी उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य है। श्री कंवर ने बताया कि मीटर बदलने के कारण अधिक बिल आने का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार नई तकनीकों के माध्यम से आप अपने बैंक अकाउंट का संचालन घर बैठे ही मोबाईल फोन के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए आपको बैंक जाने की जरुरत नहीं पड़ती ठीक उसी प्रकार अब उपभोक्ता अपने विद्युत मीटर का संचालन, खपत एवं बीलिंग की सटीक एवं सहीं जानकारी की सुविधा मोबाईल पर ही प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सीएसपीडीसीएल अपने सभी उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य त्वरित गति से कर रही है। अधीक्षण अभियंता ने कहा कि उपभोक्ता भी सहयोग कर रहे हैं एवं स्मार्ट मीटर से संतुष्ट हैं।

### स्मार्ट मीटर से होने वाले फायदे

बिलिंग में मानवीय हस्तक्षेप समाप्त, सही रीडिंग एवं सही बिलिंग, बिजली कार्यालयों के बार-बार चक्कर काटने से छूटकारा, स्मार्ट मीटर में सूचना की पारदर्शिता, उपभोक्ता को खपत का पूरा विवरण, हर 30 मिनट की खपत की जानकारी फोन पर जिससे विद्युत का किफायती से उपयोग किया जा सकेगा। उपभोक्ता के वोल्टेज एवं आपूर्ति बाधित होने की पूर्व सूचना मोर बिजली एप द्वारा दी जाएगी। भविष्य में सोलर रुफटॉप कनेक्शन लेने पर नए मीटर मॉडेम खरीदने की आवश्यकता नहीं।

## डोंगरगांव के गायत्री मंदिर में 22 दिनों से चल रहा रामायण पाठ, आज होगी पूर्णाहूति

डोंगरगांव (दावा)। पवित्र श्रावण मास के उपलक्ष्य में डोंगरगांव के गायत्री मंदिर में पिछले 22 दिनों से रामायण पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। जहां बड़ी संख्या में महिलाएं प्रतिदिन एकत्रित होकर महादेव की पूजा-अर्चना और सावन महात्म्य की कथा सुन रही हैं। सावन के महीने को श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक माना जाता है।



**गायत्री मंदिर में रोज बड़ी संख्या में जुट रही महिलाएं**

इस दौरान महिलाएं शिवजी को प्रसन्न करने के लिए विशेष पूजा-अर्चना करती हैं। रामायण पाठ के साथ-साथ मधुर भजनों की प्रस्तुति भी दी जा रही है। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

आज शुक्रवार 1 अगस्त को इस 22 दिवसीय रामायण पाठ की पूर्णाहूति पर महिला मंडल की सदस्यों द्वारा हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके बाद रविवार 3 अगस्त को ब्राह्मण भोज का आयोजन रखा गया है। इस वर्ष के कार्यक्रम में महिला मंडल की हीरामाणी गुप्ता, शांति सोनी, सीता गुप्ता, चंदा तिवारी, जयंती रावटे, मंजू कुंवर, अशोक यदु, उषा नामदेव, भुनेश्वरी भूआर्य, उषा सोनी, ज्योति शर्मा, विभा साहू, शशि सिन्हा, हेमा राठौर, राजकुमारी दीक्षित, पुष्पा दुबे, पिंकी सोनी, कनक सोनी, कीर्ति जया सोनी, प्रीति शाह, भामादेवी साहू, उर्मिला गुप्ता, चंद्रिका साहू, प्रीति गुप्ता सहित अन्य महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई।

## मोहित और गौरव का राष्ट्रीय योगासन खेल स्पर्धा में चयन



राजनांदगांव (दावा)। रायगढ़ के ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी में आयोजित राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता बालक वर्ग में नगर के प्रतिभावान और उभरते हुए खिलाड़ी मोहित सोनी और गौरव यादव ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया और राष्ट्रीय योगासन खेल स्पर्धा के लिए अपनी टिकट पक्की की। साथ ही खिलेश्वर साहू ने इस खेल में कांस्य पदक जीतकर नगर एवं जिले का नाम रौशन किया।

**खिलेश्वरी साहू ने कांस्य पदक जीता**

बता दें कि, मोहित सोनी और खिलेश्वर साहू नगर के योग प्रशिक्षक किशोर माहेश्वरी के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर योग की बारीकी सीख रहें हैं और उन्होंने उक्त स्पर्धा के लिए कड़ी मेहनत और बेहतर तैयारी भी की थी। इसी का नतीजा है कि, रायगढ़ के ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी में आयोजित राज्य स्तरीय योगासन खेल स्पर्धा बालक वर्ग में मोहित सोनी ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फॉरवर्ड बैंड इंडिविजुअल इवेंट में स्वर्ण पदक, गौरव यादव ने ट्रेडिशनल सिंगल इवेंट और बैंक बैंड इंडिविजुअल दोनों में स्वर्ण, खिलेश्वर ने सुपाईन इंडिविजुअल इवेंट में कांस्य पदक और मोहित सोनी और खिलेश्वर साहू ने पुनः आर्टिस्टिक पेयर इवेंट में कांस्य पदक जीता। इस जीत के साथ राजनांदगाँव की झोली में कुल 3 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक आए। यह पहला अवसर है जब राजनांदगाँव की झोली में एक साथ तीन स्वर्ण पदक आए हों। अब मोहित और गौरव आगामी 11 सितंबर से 14 सितंबर को भिलाई शहर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय योगासन खेल स्पर्धा में अपनी खेल प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे। उनकी इस उपलब्धि पर उनके परिवार जनों, साथी खिलाड़ियों और ईष्ट मित्रों सहित जिला योगासन एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष हेमंत तिवारी और सचिव डोमेंद्र देवांगन ने इस ऐतिहासिक जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## हरियाली तीज महोत्सव में अमृता खडेलवाल बनी 'सावन सुंदरी'



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी सनातन धर्म महिला मंडल द्वारा मंगलवार को नगर निगम टाउन हॉल में भव्य 'सनातन हरियाली तीज महोत्सव' का आयोजन किया गया। इस उत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'सावन सुंदरी' प्रतियोगिता रही। जिसमें अमृता खंडेलवाल ने यह खिताब अपने नाम किया। उन्हें मंडल की सदस्यों द्वारा ताज पहनाकर और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। मंडल की अध्यक्ष ने कहा कि तीज का पर्व प्रकृति और महिलाओं के आपसी संबंधों को दर्शाता है। यह पर्व हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए और अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी। महोत्सव में शामिल सभी महिलाओं ने कार्यक्रम की सराहना की।

## कस्तूरबा में श्रावन मास में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का हुआ रुद्राभिषेक

राजनांदगांव (दावा)। श्रावण शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को कस्तूरबा महिला मंडल द्वारा शहर की समाजसेवी महिलाओं के साथ भगवान शिव की पार्थिव पूजन का आयोजन किया गया। पं. मोहन शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित इस अनुष्ठानिक आयोजन में यजमान द्वय श्रीमती टीना अमित खंडेलवाल व श्रीमती उषा अजय मिश्रा सहित उपस्थित बड़ी संख्या में समाज सेवी महिलाओं ने भगवान शिव के पार्थिव लिंग का गंगा जल दुग्ध केवड़ा जल आदि अर्पित कर पूरे मनोयोग से रुद्राभिषेक किया। कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती शारदा तिवारी के संयोजकत्व में आयोजित इस अनुष्ठानिक कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव की धर्मपत्नी श्रीमती करुणा यादव, कस्तूरबा की अध्यक्ष श्रीमती अलका जानी, सचिव श्रीमती साधना तिवारी, आशा गुप्ता, शोभा चोपड़ा, अनिता जैन, माया अग्रवाल, शोभा रानी चौरसिया, लक्ष्मी गुप्ता, पुष्पा सोनी, हेमा गुप्ता, जनक बाई आदि सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी महिलाएं उपस्थित थे।



**धार्मिक आयोजन के बीच पूर्व महापौर नरेश डाकलिया का मनाया गया, जन्मदिन-पूजन कार्यक्रम में उमड़ी समाजसेवी महिलाएं**

### पूर्व महापौर का मनाया गया जन्मदिन

शिव रुद्राभिषेक पूजा के बीच पहुंचे नगर के पूर्व महापौर नरेश डाकलिया का जन्मदिन हैप्पी बर्थडे गान के साथ मनाया गया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती सरस्वती माहेश्वरी, शारदा तिवारी, साधना तिवारी आदि द्वारा श्री डाकलिया का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया वहीं पूजा आयोजन में यजमान बने लायन्स क्लब राजनांदगांव सिटी के अध्यक्ष अमीत खंडेलवाल द्वारा श्री डाकलिया का मुंह मीठा कर समस्त समाजसेवी महिलाओं के साथ उन्हें जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

### मां गौरी का किया गया सोलह श्रृंगार

कस्तूरबा भवन में आयोजित पार्थिव शिव लिंग पूजन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समाजसेवी महिलाओं ने मां गौरी अंबे, भवानी की हल्दी कुमकुम, चूड़ियां, महावर आदि सहित सौंदर्य प्रसाधन की सामग्रियां अर्पित कर मातारानी का सोलह श्रृंगार किया गया। वहीं भगवान शिव में बेलपत्र, धतुरा, केवड़ा जल, गंगा जल व दूध-दही चढ़ाकर पूरे मनोयोग से भगवान भोलेनाथ की पंचोपचार पूजा-अर्चना की और नगरवासियों की सुख- शांति और खुशहाली की दुआएं मांगी। इस दौरान महाकाल सेना के राजेश डागा, सनातन धर्म महासभा के संतोष पटाक, प्रज्ञा पंकज गुप्ता, कस्तूरबा के प्राचार्य प्रवीण गुप्ता, व्यवस्था प्रभारी सीताराम वैष्णव, ईश्वर साहू गोंड़ ब्राह्मण समाज की महिलाएं, कसौधन वैश्य समाज की महिलाएं व स्कूल की शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में सनातन धर्मानुरागी महिलाएं उपस्थित थीं।

## नाबालिग बच्चों का अश्लील वीडिया सोशल मीडिया में अपलोड करने वाला आरोपी गिरफ्तार



डोंगरगढ़ (दावा)। सीसीपीडब्ल्यूसी योजनांतर्गत भारत सरकार गृह मंत्रालय एनसीआरबी नई दिल्ली द्वारा सोशल मीडिया पर महिला एवं बच्चों से संबंधित किये जा रहे अपराधों पर नजर रखकर सायबर टीम रिपोर्ट जांच हेतु संबंधित राज्य एवं जिला व थाना को वैधानिक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है। ऐसे ही सायबर टीप थाना डोंगरगढ़ को प्राप्त होने पर सायबर टीप जांच पर से आरोपी मोहम्मद हमीद गौरी पिता महोम्मद सलीम उम्र 50 साल निवासी वार्ड नं. 19 कचहरी चौक डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छग के द्वारा अपने व्हाट्सएप एकाउण्ट में महिला एवं बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो/फोटो वॉयरल करना पाए जाने पर आरोपी के विरूद्ध अप.क्र.-254/2024 67(बी) आईआईएक्ट बालको का संरक्षण अधिनियम 2012, 15 तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। जो आरोपी कायमी दिनांक से लगातार फरार था। जिसे 1 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## रॉयल किड्स कॉन्वेंट में हुई राखी मेकिंग प्रतियोगिता, बच्चों ने दिखवाई रचनात्मकता

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय रॉयल किड्स कान्वेंट छुरिया में दिनांक 2 अगस्त शनिवार को रक्षाबंधन के अवसर पर राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मकता का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार की राखियां बनाई।



प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पारंपरिक त्यौहारों के महत्व और भाई-बहन के प्रेम के बंधन से परिचित कराना था छात्रों ने घर पर उपलब्ध सामग्री का प्रयोग करके विभिन्न प्रकार की राखियां बनाईं। जिनमें पारंपरिक राखी के साथ-साथ आधुनिक और आकर्षक डिजाइनों वाली राखियां भी शामिल थीं। प्रतियोगिता में सभी हाउस भगत, आजाद जवाहर और सुभाष जिनके हाउस के कैप्टन फारीज खान, भगत हाउस की कैप्टन नव्या वैष्णव, जवाहर हाउस की कैप्टन काव्या सिंह और सुभाष हाउस की कैप्टन नफीस फातिमा और हाउस के सभी छात्र-छात्राओं ने बहुत उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया।

निर्णायक मंडल में संस्था की शिक्षिका श्रीमती चित्रा साहू एवं शिक्षक जितेंद्र मंडावी शामिल थे। जिन्होंने प्रत्येक राखी का मूल्यांकन रचनात्मकता, मौलिकता, प्रयोग की गई सामग्री, साफ सफाई, स्पष्टीकरण, एवं सौंदर्य परख के आधार पर किया। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त किया जवाहर हाउस के छात्रों ने जिनका नाम काव्या सिंह, दमन साहू, सिमरन जायसवाल, ऐश्वर्या गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, कान्हा दुबे, समीक्षा साहू, शिरीन खान, परिधि साहू, द्वितीय स्थान सुभाष हाउस नफीस फातिमा, समर्थ सिंह, रागिनी निषाद, निराली साहू, संस्कृति साहू, नूरैन रजा, जीविका साहू, कावेरी निषाद, उदय नारायण, सुफियान खान एवं तीसरा स्थान आजाद हाउस और भगत हाउस के छात्रों ने प्राप्त किया। जिनमें फारिज खान, अनूप धाकड़, आयुषी गुप्ता, हर्षित पाल, शफीन सिद्दीकी, शारीफ खान, अभिनव सिंह, निखिल ठाकुर, यादिति निषाद के नाम शामिल हैं।

संस्था के डायरेक्टर जन्मेजय बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में तथा डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह के निर्देशन में शाला में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य गोपाल साहू एवं प्रधान पाठिका श्रीमती शारदा सिंह गौर ने कहा यह प्रतियोगिता छात्रों को न केवल रचनात्मकता और कलात्मकता का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करती है, बल्कि उन्हें रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के महत्व को भी समझने में मदद करती है। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, अकैडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई के वैष्णव ने भी छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि हम छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हैं और उन्हें भविष्य में भी इसी तरह की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। प्रतियोगिता के अंत में सभी छात्रों को मिठाई और उपहार दिए गए और उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी गई। उक्त जानकारी संस्था की प्रचार-प्रसार प्रभारी श्रीमती वंदना शर्मा द्वारा दी गई।

## किसी भी पीड़ा को दूर करने के लिए दूसरी बड़ी पीड़ा के बारे में सोंचो-मुनि वीरभद्र

राजनांदगांव (दावा)। किसी भी पीड़ा को दूर करने के लिए किसी दूसरी बड़ी पीड़ा के बारे में सोचो तो वह पीड़ा अपने आप दूर हो जाएगी। हम अगर नरक की वेदना को सामने में रखें तो हमारी सारी वेदना हमें छोटी लगने लगेगी। हम अपनी वेदना को भूल जाएंगे। उक्त उद्गार जैन संत वीरभद्र (विराग) ने आज अपने नियमित प्रवचन में व्यक्त किये। जैन बगीचे के नए हाल में प्रवचन देते हुए उन्होंने कहा कि आत्मिक सुख ही स्थाई सुख है। मानव जीवन में उतार-चढ़ाव तो आता ही रहता है, हम इससे ना घबराएं और आत्मिक सुख प्राप्ति की राह में बढ़ चले। मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि आत्मिक सुख आध्यात्म में है। हम हर क्रिया करते समय आत्म कल्याण की सोचकर क्रिया करें। भ्रांतियां अगर दिमाग में बैठ जाती है तो हम अच्छे काम को भी करने से डरने लगते हैं।



**आत्मिक सुख आध्यात्म से ही मिल सकती है - मुनि वीरभद्र**

मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि बीमार वही है जो आत्मा को छोड़ शरीर को मजबूत बनाने में लगा रहता है। आत्मा को मजबूत करने में यदि ध्यान दिया जाए तो व्यक्ति कभी बीमार ही नहीं होगा। दुनिया में हमारे साथ जो कुछ भी होता है, वह अपने कर्मों के कारण होता है। कोई भी व्यक्ति चाहे हमें सुखी कर सकता है या दुखी कर सकता है। दरअसल हम कठपुतली का जीवन जी रहे हैं। ऐसे कठपुतली वाला जीवन जीने से क्या फायदा हमें स्वच्छंद और स्वाधीन जीवन जीने के लिए आध्यात्मिक कमान चाहिए ताकि हम आत्म कल्याण के मार्ग में बढ़ सके।

मुनि वीरभद्र विराग ने कहा कि जहां परिणाम ना मिले वहां अपने परिवार की समस्याओं या अन्य बातों को ना करें। परिवार की बात करने से लोग हमें हंसी का पात्र बनाते हैं। बच्चे बिगड़ते हैं तो इसका सारा दोष मां-बाप, दादा-दादी एवं अन्य परिजनों को जाता है, जिन्होंने बच्चों को भौतिक शिक्षा तो दी किंतु आध्यात्मिक शिक्षा नहीं दी। संस्कार देने के मामले में भी वे पीछे रहे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय हमारे हाथ में है, इसलिए मन को निर्मल बनाएं और आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़े। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।

## लाल बागेश्वर महादेव के लिए महाकाल मंदिर से निकलेगी कावड़ यात्रा



राजनांदगांव (दावा)। सावन महोत्सव के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को हेमू कालानी नगर स्थित लालबागेश्वर धाम में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर शिव भक्तों द्वारा एक भव्य कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। जो महाकाल मंदिर सिंगोला से शुरू होगी।

शिव सेवा मंडल के सदस्य आवतराम तेजवानी ने बताया कि कावड़ यात्रा सुबह 4:30 बजे महाकाल मंदिर से शुरू होगी। भक्त यहां से शिवनाथ नदी का जल भरकर लालबागेश्वर महादेव को अर्पित करेंगे। इसके बाद सुबह 8 बजे अभिषेक और महाआरती होगी। दोपहर 11 बजे आचार्य द्वारा महा अभिषेक और पूजन का कार्यक्रम किया जाएगा। दोपहर 1 बजे हवन और महाआरती के बाद प्रसाद वितरण होगा। शाम 8 बजे से महाकाल और काशी विश्वनाथ भगवान की महाआरती और शिव चालीसा का पाठ किया जाएगा। शिव सेवा मंडल के हरि तेजवानी, विनोद लुल्ला और अनिल तेजवानी ने सभी भक्तों से अंतिम सोमवार को काशी विश्वनाथ के दर्शन करने का आग्रह किया है। इस अवसर पर वार्ड के पार्षद राजा माखीजा और राजेश तेजवानी ने बताया कि पिछले सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने गली नंबर 5 स्थित शिव मंदिर में बाबा अमरनाथ के दर्शन किए थे और प्रदेश की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की थी।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**संशोधन**

EPC मोड पर प्रकाशित निविदा संख्या **TRD-NAG-EPC-25-26-01** दिनांक 24.06.2025 "नागपुर मंडल के दुर्ग-नागपुर सेक्शन के लिए RDSO विनिर्देश TI/SPC/RCC/SCADA/0134 या नवीनतम के अनुसार मौजूदा पुराने स्काडा सिस्टम" को बदलने का कार्य जिसकी निविदा लागत है रु. 11,79,90,000.00।

उपरोक्त निविदा में निम्नलिखित परिवर्तन/संशोधन पर ध्यान दें : पूर्व प्रकाशित अग्रिम राशि (ईएमडी) रु. 7,40,000/- (रु. सात लाख चालीस हज़ार मात्र) को अब **संशोधित स्वरुप में रु. 5,90,000/- (रु. पाँच लाख नब्बे हज़ार मात्र) ऐसा पढ़ा जाए।**

बोलीदाताओं से अनुरोध है कि बोलियाँ जमा करते समय संशोधित अग्रिम राशि (ईएमडी) को ध्यान में रखें। अन्य नियम और शर्तें अपलोड किए गए निविदा दस्तावेज़ के अनुसार हैं। निविदा की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता - टीआरडी, द.पू.म. रेलवे, नागपुर**

FL/18-88

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## देश की आजादी का यह उत्सव देश के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त करने का अवसर - कलेक्टर



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि 2 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत देश की आजादी का यह उत्सव हर गांव एवं शहर में मनाया जा रहा है। उन्होंने जिलेवासियों को आह्वान किया है कि 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता - स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' की थीम से जुड़ते हुए हमें अपने घर में स्वच्छता को अपनाएं तथा तिरंगा लहराएं। यह अवसर हमें देश के लिए अपना बलिदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा देश के वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता प्रगट करने तथा देश के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त करने का भी है। तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। तिरंगा हमारे स्वाभिमान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। देश की एकता और सौहार्द्र को मजबूत बनाने के लिए इस अभियान में सभी की सहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' इस अभियान में जुड़ने की अपील की है।

## अनमोल दावा

**हर वक्त आप जोश से काम नहीं ले सकते कभी-कभी होश से भी काम लेना जरूरी है।**

## सम्पादकीय

### पाकिस्तान पर रहमोकरम टैरिफ कांड से ज्यादा खतरनाक

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी याने भारत-अमेरिका के बीच तनाव और दूरियां शनैः शनैः बढ़ रही है। दो दोस्तों का व्यवहार अदावत में तब्दील हो रहा है। वास्तव में अमेरिका किसी का मित्र नहीं है। जो उनकी जोहुक्मी स्वीकार करेगा, वह उसी की मद्द करता है। अमेरिका ने विश्व की बहुपक्षीय संस्थाओं युनाईटेड नेशन्स, वर्ल्ड बैंक और इन्टरनेशनल मानीटरी फण्ड को अपनी ऊंगलियों पर नचाता आया है। यह कड़वी सच्चाई है।

वर्तमान में डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत को बड़ा झटका दिया है। एक तरफ उसने 8 अगस्त से भारत पर आने वाले माल-सामान पर 25 प्रतिशत टैरिफ लादने की घोषणा कर दी है। दूसरी तरफ, भारत के कट्टर शत्रु पाकिस्तान के साथ आयल डील करने की भी घोषणा की है। ट्रम्प ने यह भी घोषणा की है कि, रूस के पास से शस्त्रों और क्रूड आयल खरीदने के बदले भारत पर दण्ड भी लादा जाएगा। डोनाल्ड ट्रम्प जब से अमेरिका में दूसरी मरतबे सत्तासीन हुवे हैं, तभी से कई देशों में टैरिफ लादने की बात कहते रहे हैं। पूर्व में ट्रम्प नरेन्द्र मोदी के साथ दोस्ती होनें की बात करके कहते थे, भारत के साथ फ्री-डील रहेगी। किन्तु, उनके दोहरे कृत्यों ने साबित कर दिया है कि ट्रम्प किसी के दोस्त नहीं हैं और भारत को अपना दुश्मन मानते हैं। ट्रम्प ने यह टिप्पणी की थी कि मोदी मेरे मित्र हैं, किन्तु व्यापार में हम ज्यादा मद्द नहीं करते। अमेरिका के माल पर भारत में टैरिफ विश्व में सबसे ज्यादा है। इस कारण, अमेरिका भारत पर टैरिफ लगा रहा है।

भारत के लिए ट्रम्प जो टैरिफ लाद रहे हैं उससे ज्यादा खतरनाक यह कि वे पाकिस्तान के साथ ''आयल डील'' कर रहे हैं। ट्रम्प ने सोश्यल मीडिया में पोस्ट किया है कि, हम पाकिस्तान के साथ किए सौदे में अमेरिका और पाकिस्तान संयुक्त रूप से पाकिस्तान में विशाल आयल भंडारण का विकास करेंगे। इस भागीदारी के लिए एक आयल कम्पनी का चयन किया जावेगा। अगर ऐसा होता है तो पाकिस्तान भविष्य में आयल बेचेगा ।

प्रथम दृष्टि में यह एक बिजनेस डील लगती है किन्तु यह डील भविष्य में भारत के लिए खतरनाक साबित होगी। भूतकाल में अमेरिका ने इसी प्रकार पाकिस्तान को अपने गोद में बिठाया था। अमेरिका पूर्व में पाकिस्तान का बचाव करते आया है। पाकिस्तान को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने में भी अमेरिका का योगदान रहा है।

वर्तमान में पाकिस्तान चीन की गोद में ही बैठा है। अब अमेरिका पाकिस्तान को चीन से उठा अपनी गोद में बिठाने के लिए प्रयासरत है। अगर, वह सफल हो गया तो भारत के लिए यह बड़ा सिरदर्द होगा। विश्व में यूं तो पाकिस्तान भिखारी की भूमिका में है। अब, उसकी पृष्ठभूमि में अब अमेरिका दिखाई देगा, तब फिर यह कहें कि वह पूर्व जैसा सशक्त हो जाएगा ।

यहां भारत का चिन्तन करना स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री मोदी की भी यह कसौटी होगी। भारत को सचेत व चौकन्ना रहने की जरूरत है।

# लघु उपन्यास यशस्विनी: अध्याय 11 : अपने भीतर की यात्रा

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



रोहित का का मन दुखी हुआ कि उसकी लापरवाही के कारण यशस्विनी कितनी देर परेशान रही। उसने यशस्विनी को तत्काल संदेश भेजा. क्षमा चाहता हूं यशस्विनी जी. आपको संदेश नहीं भेज पाया. बात यह है कि आज एक रक्तदान कार्यक्रम में चले जाने के कारण मैंने अचानक बहुत कमजोरी महसूस की इसलिए...घर पर ही रुका हुआ हूँ.

यशस्विनी ने तुरंत फोन लगाकर अपनी नाराजगी व्यक्त की और कहा. मुझे बुला लेते रोहित जी...लेकिन अगले ही पल सुधारकर कहा-तो मुझे बता देते रोहित जी तो मैं किसी को आपके पास भेज देती. और आपने खाना भी तो नहीं बनाया होगा.

इससे पहले कि रोहित कुछ कह पाता,यशस्विनी ने आदेशात्मक स्वर में कहा-मैं टिफिन भेज रही हूं आपके लिए.....

योगसत्र का समापन दिवस आते-आते यशस्विनी ने सभी साधकों को ध्यान चक्रों के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी थी। नए साधनों के लिए पहले पहल तो योग केवल एक कौतूहल था लेकिन जब यशस्विनी ने योग में अंतर्निहित दार्शनिक, आध्यात्मिक और स्वास्थ्य संबंधी सिद्धांतों की विशद विवेचना की तो उन्हें लगा कि वाकई भारतीय ज्ञान-विज्ञान की गहराई और उपयोगिता का दूसरा कोई जोड़ नहीं है।

शाम के योग अभ्यास की अवधि सीमित होती थी लगभग आधा घंटा और इसके बाद प्रश्न उत्तर और जिज्ञासा समाधान सत्र लंबा चलता था जब यशस्विनी ने साधकों को मानव शरीर के चक्र की अवधारणा के बारे में बताया तो उन्हें पहले पहल तो विश्वास ही नहीं हुआ।

''साधकों आप लोगों ने नदियों का संगम देखा है?''

''हां योगिनी जी''

''तो आपने ठीक-ठीक ध्यान दिया होगा कि संगम की जो जगह होती है उसका आकार कैसा होता है।''

''योगिनी जी संभवतः वह जगह उथल-पुथल वाली होती है और गोलाकार परिधि में घूमती है।''

''हां सही अनुमान लगाया आपने। इसी तरह जब शरीर के कुछ प्रमुख बिंदुओं पर रक्त और अन्य पदार्थ भंवर बनाते हैं तो ये चक्र कहलाते हैं। यूं तो शरीर में 144 चक्र होते हैं लेकिन सात चक्र प्रमुख माने जाते हैं। वैसे तो इन्हें चक्र कहा जाता है पर वास्तव में ये त्रिकोण आकार में परिभ्रमण करती हैं।'''योगिनी जी मानव शरीर के वे सात बिंदु या चक्र कौन-कौन से हैं?''

''वे हैं- मूलाधार चक्र, स्वाधिष्ठान चक्र, मणिपुर चक्र, अनाहत चक्र, विशुद्ध चक्र, आज्ञा चक्र और सहस्त्रार चक्र।''

अनेक साधकों के लिए यह बिल्कुल नई जानकारी थी। उन्होंने पूछना शुरू किया- इन चक्रों का महत्व क्या है? इस पर यशस्विनी ने विस्तार से समझाया कि शरीर में ये चक्र हैं और संतुलित हैं तो जीवन का प्रवाह अत्यंत अनुकूल है। इन चक्रों में असंतुलन से ही मनुष्य के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में विसंगति आती है।

''दीदी इन चक्रों का क्रम क्या है? क्या सहस्त्रार से शुरुआत होती है?''

''नहीं शुरुआत मूलाधार से होती है और इसीलिए चक्रों की ऊर्जा का प्रवाह नीचे से ऊपर की ओर होता है और ज्यों-ज्यों हम ऊपर के चक्रों में पहुंचते हैं,त्यों-त्यों हमारी साधना और आत्म उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता जाता है और सहस्त्रार चक्र में पहुंचते ही जैसे हम आत्मानंद में डूब जाते हैं।''

''दीदी लोग प्रायः आज्ञा चक्र पर ध्यान लगाते हैं जो दोनों भौहों के मध्य में है क्या ऐसा करना उचित है?''

''नहीं मेरी दृष्टि में शुरुआत मूलाधार चक्र से ही होनी चाहिए और फिर हम इनसे निवृत होते हुए ऊपर की ओर बड़ें।''

''दीदी जरा इसे उदाहरण देकर समझाइए न''

''हां चलो मैं इसे एक कहानी के रूप में स्पष्ट करती हूं।''

''धनीराम एक सामान्य व्यक्ति हैं। उन्होंने योग साधना का निश्चय किया। वे अपने जीवन के प्रारंभिक भोग, आलस्य और आराम की प्रधानता से तंग आ गए हैं क्योंकि उनकी ऊर्जा मूलाधार चक्र के आसपास ही केंद्रित है और अटकी हुई है। सामान्यता धनीराम जैसे लोग इसी चक्र के आसपास अपना पूरा जीवन व्यतीत कर देते हैं। इस चक्र के सकारात्मक प्रभाव को जगाने के लिए आचरण और नियमों की शुद्धता का पालन करते हुए गुरु के निर्देश पर धनीराम ने ध्यान साधना शुरू की। धीरे-धीरे उनके भीतर वीरता और आनंद की भावनाएं जाग्रत होने लगीं। धनीराम ने अपनी रीढ़ की हड्डी के सबसे निचले हिस्से के आसपास मूलाधार चक्र की सक्रियता को महसूस किया। दूसरे चक्र स्वाधिष्ठान चक्र के प्रभाव में आने तक मनुष्य केवल आमोद - प्रमोद मनोरंजन आदि तक ही सीमित रहता है। यह चक्र जाग्रत हो जाए तो हमारे मन में बात - बात पर किसी के प्रति उठने वाली अवज्ञा, अविश्वास, आलस्य आदि दुर्गुणों का नाश हो जाएगा। कई दिनों की साधना के बाद धनीराम ने भी अपने जीवन में लिंगमूल से चार अंगुल ऊपर स्थित छह पंखुड़ियों वाले इस चक्र को महसूस किया। मणिपुर चक्र नाभि के मूल में स्थित होती है।दस कमल पंखुड़ीयों वाले इसे चक्र के कारण लोगों में काम करने की होती है।इससे लोग आकांक्षी होते हैं, लेकिन मोह आदि के शिकार हो जाते हैं। धनीराम ने कई दिनों की साधना के बाद इस चक्र को जाग्रत किया और आत्म शक्ति तथा आत्म बल को प्राप्त किया। कई दिनों की साधना के बाद धनीराम जब अनाहत चक्र में पहुंचे तो उन्होंने अपने भीतर सृजनशीलता को अनुभव किया।उन्होंने कविताएं लिखने और कुछ नया सृजन करने के बारे में प्रयास शुरू किया।उनका यह चक्र जाग्रत हुआ तो उनके भीतर से चिंता, अविश्वास, अविवेक जैसी अनेक भावनाएँ समाप्त होती गई और उनके भीतर आत्मविश्वास, चारित्रिक दृढ़ता और भावनात्मक संतुलन का गुण बढ़ता गया।''

''दीदी अनाहत चक्र की स्थिति शरीर में कहां पर होती है?''

''साधकों हृदय के बीचों - बीच इसका स्थान है। इसकी स्थिति रीढ़ की हड्डी पर होती है।''

यशस्विनी के विवरण और रोहित द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे स्लाइडों के माध्यम से साधकों ने जैसे एक व्यक्ति के योग साधना और आत्मबल में ऊपर उठने की प्रक्रिया को अपने सामने जीवंत होते हुए देखा और महसूस किया।

यशस्विनी ने धनीराम की कहानी बताते हुए विशुद्ध चक्र में उनके पहुंचने पर होने वाले परिवर्तनों को बताया कि किस तरह यहां तक पहुंचते-पहुंचते धनीराम को स्वयं में आध्यात्मिक शक्तियों के जागरण की अनुभूति हुई। मानो वे ईश्वर से साक्षात्कार के लिए उद्यत हों।

''जब धनीराम गुरु के सतत मार्गदर्शन में ध्यान की अनेक महीनों की साधना के बाद आज्ञा चक्र में पहुंचे तो जैसे यहां आकर इड़ा और पिंगला नाड़ियों के मिलन से सुषुम्ना सेतु का मार्ग खुला और कुंडलिनी जागरण की आहट सुनाई दी। यहां आकर वे बौद्धिक रूप से भी अत्यंत संवेदनशील और विचारवान हो उठे।उनका स्वयं पर नियंत्रण स्थापित हुआ।''

''साधकों सहस्रार चक्र पर पहुंचने के लिए उन्हें लंबी साधना करनी पड़ी। आचार - विचार और आहार - व्यवहार आदि की शुद्धता के साथ-साथ जब ओम मंत्र का जाप करते हुए वे सहस्त्रार चक्र तक पहुंचे तो उन्होंने मस्तिष्क के सबसे ऊपरी हिस्से पर स्थित चक्र के जागरण अवस्था को महसूस किया और हजार पंखुड़ियों वाले इस कमल के प्रभाव को महसूस किया।मानो वे संसार व सांसारिक बंधनों, बाधाओं से भी ऊपर आनंदमय जगत में स्थिर हो गए हों।''

(कृपया योग साधना के विभिन्न चक्रों का योग्य गुरु के मार्गदर्शन में ही अभ्यास करें।)

(क्रमशः)

# साधु संतों का अभद्र व्यवहार अवहेलना नारियों के प्रति कहां तक उचित है

**(निर्मला सिन्हा 'नशा')**



राजनांदगांव (दावा)। भारत वर्ष एक सम्पन्न परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों से समृद्ध देश है, जहां महिलाओं का समाज में प्रमुख स्थान रहा है। ग्रामीण परिदृश्य में महिलाओं की बड़ी आबादी है। दुर्भाग्यवंश विदेशी शासनकाल में समाज में अनेक कुरीतियां व विकृतियां पैदा हुई, जिससे महिलाओं को उत्पीड़न हुआ। हालांकि स्वतंत्रता के दौरान महिलाएं भी कुछ हद तक स्वतंत्र हुई जिन्होंने स्वतंत्रता का महत्व समझा उन्होंने अपने परिवार व अपने देश में नाम रोशन किया। और जिन्होंने शिक्षित होते हुए भी इसका मतलब ना समझा उन्होंने गलत क़दम तो उठाया ही और हर फैसला गलत लिया भी। जिसके कारण हर उन महिलाओं को प्रताड़ित होना पड़ रहा है। जो अपने चौखट से बाहर क़दम रख कुछ बनना चाहती हैं। अपना नाम रोशन करना चाहती है। जो अपना परिचय खुद देना चाहती है। जो एक ऊंची उड़ान अकेले अपने दम पर भरना चाहती है। हमें अभी भी बहुत कुछ समझने की जरूरत है। जो गंदी सोच कुछ महिलाओं के प्रति फैल रही है। हमें उन्हें अवगत कराना पड़ेगा। उन नारियों को जो राह भटक रही है। उन्हें समझाना होगा नारी शक्ति की महत्ता को उनके योगदान को ये जो आजकल सोशल मिडिया, बालीवुड की फिल्में, सिरियल बन रही है। उनसे दूर ही रखें अपने बच्चों और स्वयं को भी ये सब ग़लत परवरिश,गलत संस्कार के अलावा कुछ नही परोस रही हमारे जनरेशन और आने वाले जनरेशन के लिए यह एक जहर का काम कर रही है। जिससे रिश्ते जल्दी टूट रहें हैं। जहां रिश्तों का कोई मोल नहीं। जो नकारात्मकता फैलाती हो उसे देखना सुनना बंद करें।

आओ बात करते हैं हम नारी शक्ति की महत्ता की और उनके योगदान को समझने की इसके लिए हमें कुछ प्रसिद्ध नारियों के नाम और उनके योगदान को देखना होगा। इन नारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और देश का नाम रोशन किया है। हाल ही में, प्रेमानंद महाराज जी के एक बयान ने विवाद को जन्म दे दिया है, जिसमें उन्होंने कहा कि 'आज के समय में 100 में से मुश्किल से दो-चार लड़कियां ही पवित्र होती हैं।' इस बयान के बाद उनकी काफी आलोचना हो रही है।

**नारी शक्ति की महत्ता**

नारी शक्ति की महत्ता को समझने के लिए हमें इतिहास से लेकर वर्तमान तक की नारियों के योगदान को देखना होगा। इंदिरा गांधी, कलाम आजाद, मैरी कॉम, साक्षी मलिक, और किरण बेदी जैसी नारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन नारियों ने न केवल अपने लिए बल्कि पूरे देश के लिए भी गौरव बढ़ाया है।

**प्रसिद्ध नारियों के नाम**

इंदिरा गांधी : भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री, जिन्होंने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, गरीबी हटाओ अभियान चलाया, और देश की सुरक्षा को मजबूत किया।

कलाम आजाद : भारत की पूर्व राष्ट्रपति, जिन्होंने शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने देश के युवाओं को शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

मैरी कॉम : भारतीय मुक्केबाज, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया। उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीते और देश का गौरव बढ़ाया।

साक्षी मलिक : भारतीय पहलवान, जिन्होंने ओलंपिक में पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। उन्होंने अपने खेल के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत से देश का नाम रोशन किया।

किरण बेदी : भारतीय पुलिस अधिकारी, जिन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी और महिलाओं के अधिकारों के लिए काम किया। उन्होंने अपने काम के प्रति समर्पण और ईमानदारी से देश का गौरव बढ़ाया।

**प्रेमानंद महाराज जी का बयान**

प्रेमानंद महाराज जी का बयान कि 'आज के समय में 100 में से मुश्किल से दो-चार लड़कियां ही पवित्र होती हैं' ने विवाद को जन्म दे दिया है। इस बयान के बाद उनकी काफी आलोचना हो रही है। हालांकि, दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने भी एक बयान दिया था, जो प्रेमानंद महाराज जी के बारे में नहीं था, बल्कि अनिरुद्धाचार्य के बारे में था। अनिरुद्धाचार्य ने कहा था कि '25 साल की लड़की चार जगह मुंह मार चुकी होती है।' इस बयान के बाद खुशबू पाटनी ने अपना गुस्सा जाहिर किया था और अब वे सफाई दे रही हैं कि उन्होंने प्रेमानंद महाराज जी के बारे में कुछ नहीं कहा।

**निष्कर्ष**

नारी शक्ति की महत्ता और उनके योगदान को समझने के लिए हमें इन प्रसिद्ध नारियों के नाम और उनके योगदान को देखना होगा। हमें प्रेमानंद महाराज जी के बयान को भी समझना होगा और उसकी आलोचना को भी देखना होगा। हमें नारी शक्ति की महत्ता को बढ़ावा देने के लिए काम करना चाहिए और उनकी गरिमा को बनाए रखने के लिए प्रयास करना चाहिए। हमें यह भी समझना होगा कि नारी शक्ति की महत्ता को कम करने वाले बयानों का विरोध करना चाहिए और नारी शक्ति की महत्ता को बढ़ावा देने वाले बयानों को प्रोत्साहित करना चाहिए।

नारी शक्ति की महत्ता और उनके योगदान को समझने के लिए हमें इन प्रसिद्ध नारियों के नाम और उनके योगदान को देखना होगा। हमें प्रेमानंद महाराज जी के बयान को भी समझना होगा और उसकी आलोचना को भी देखना होगा। हमें नारी शक्ति की महत्ता को बढ़ावा देने के लिए काम करना चाहिए और उनकी गरिमा को बनाए रखने के लिए प्रयास करना चाहिए।

नारी शक्ति की महत्ता को बढ़ावा देने और उनकी गरिमा को बनाए रखने के लिए हमें कई कदम उठाने होंगे। हमें महिलाओं को शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान करने होंगे, जिससे वे अपने जीवन में आगे बढ़ सकें। हमें महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करनी होगी और उनके साथ होने वाले भेदभाव के खिलाफ लड़ना होगा।

नारी शक्ति की महत्ता को बढ़ावा देने के लिए हमें महिलाओं को प्रोत्साहित करना होगा और उनके योगदान को पहचानना होगा। हमें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम करना होगा और उनके लिए अवसर प्रदान करने होंगे। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि महिलाएं अपने अधिकारों के बारे में जागरूक हों और अपने हितों की रक्षा कर सकें।

नारी शक्ति की गरिमा को बनाए रखने के लिए हमें महिलाओं के प्रति सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार करना होगा। हमें महिलाओं को नीचा दिखाने वाले बयानों और कार्यों का विरोध करना होगा और उनके प्रति सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार करने को बढ़ावा देना होगा। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि महिलाएं अपने जीवन में सुरक्षित और सम्मानित महसूस करें।

**छत्तीसगढ़ प्रभारी, अखंड रामराज्य परिषद् छत्तीसगढ़**

## सामयिक चर्चा

### राजनीति, स्वार्थनीति हो गई

खबर पढ़कर,
अपने आप, ''एकदम ठीक बात है,'' कहकर
बानी बोले-''सुनिए गजाधर!
दल-बदल को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त है।
चीफ जस्टिस गवई साहब ने
चेतावनी के स्वर में कहा है - ''दल बदल को
समय रहते खत्म नहीं किया
तो यह लोकतंत्र की नींव को
कमजोर कर सकता है।''
गजाधर! इस पर,
आपका मन क्या कहता है?''
गजाधर मुस्कराए, बोले- ''बानी।
आप जो CJI के कथन को
एक दम ठीक बात कहते है
तो हम भी आपका समर्थन करते है।
पर अब तो बानी!
राजनीति का अर्थ ही बदल गया है
जो सेवाभावी नेताओं को खल गया है।
वो इसलिए कि राजनीति अब
स्वार्थनीति हो गई है।
अधिकतर नेताओं के मन से
सच्चाई, ईमानदारी और
जनहित की भावना, सब खो गई है।
तो नेता स्वार्थ की राह पर चलता है
जहाँ देखता है कि अब यहाँ,
इस पार्टी में, कुछ नहीं मिलने वाला,
तो वह फिर दल बदलता है।
और भले वह 'दल बदल' कहलाता है
पर यह भी सच है भैया!
कि वह 'कुर्सी' पा जाता है।''



**गिरीश बख्शी**

## कविता

### आ गया त्यौहारों का मौसम

आया त्यौहारों का मौसम कृष्ण-कन्हैया का झूला देखो कितना मिलता है आनंद, सावन के वौछारों का, आया कृषि और हरियाली का पर्व, खरीफ फसलों की भीनी महक, मोह लेती है मन को, फिर आया नाग पंचमी श्रावण शुक्ल सप्तमी, आता है तुलसी जयंती श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को आता है रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम रिश्ते और रक्षा का प्रतीक। श्रावण का महिना वृक्षारोपण एवं प्रकृति की सुन्दरता वर्षा की बौछार हमारे नकारात्मक विचारों को मानो धो देते है, भाद्र कृषण पक्ष को आता है चतुर्थी के दिन नंदी पूजा बहूला चौथ भाद्रकृष्ण पक्ष षष्ठी के दिन आता है संतान की दीर्घायु के लिये कमरछठ दोनों पूजा करती हैं माताएँ, करते हैं शिव-पार्वती की पूजा माता का आशीर्वाद, शिव-पार्वती का आर्शीर्वाद। कृष्णाष्टमी को आता है जन्माष्टमी, कृष्ण की लीला भगवान कृष्ण का जन्म भाद्रपक्ष की अष्टमी की आधीराम को फिर भगवान के जन्मोत्सव पर मनाया जाता है गोविंद उत्सव दही लूट कृष्णपक्ष अमावश्या को पोला उत्सव मनाया जाता है, पोला हमारी कृषि संस्कृति एवं सामाजिक प्रेम का प्रतीक है बैल दौड़, शिव की नंदी, एवं शिव की पूजा तथा खेती का प्रतीक है, भाद्रपक्ष शुक्ल तृतीया को आता है हरितालिका व्रत जिसे माताएँ एवं बहनें पति की दीर्घायु के लिये रखते हैं, संतान की सुख-समृद्धि के लिये, भाद्रशुक्ल चतुर्थी को आता है गणेश चतुर्थी, जो अनंत चतुर्दशी तक गणेश पक्ष रहता है, गणेशोत्सव हमारी विविधता में एकता का प्रतीक है, विघ्न हरन हमारे शुभकार्य की प्रथम पूजा है, माता-पिता, शिव पार्वती हैं, जिनके मातृ-पितृ भक्त पुत्र हैं गणेश, हमारे जीवन के हर क्षण, हरपल में व्याप्त हैं, मेरा पग-पग संगीत भरा, श्वासों से स्वप्न पराग भरा, नभ के नवरंग, बुनते दुकूल छाया में मलय बयार पली (महादेवी वर्मा)

अर्थात वर्षा की जल से भरी बदली की प्रत्येक कदम पर संगीत से भारी थी बिजली की कड़कड़ाहट गर्जना आने से मानव-जीव-जन्तु में प्रसन्नता की लहर दौड़ उठती है,



**देवेन्द्र महोबे**
**खैरागढ़**

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में बढ़िया धन लाभ होगा, सुख ड्ड सुविधा में बढ़ोतरी होगी। आज आप परिवार के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, जिससे आपके मन को शांति मिलेगी। आज आपको किसी काम को पूरा करने में भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिये ठीक - ठाक रहेगा। आज आप अपने व्यवसाय में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं, जिससे आपको बड़ा लाभ होगा। आज आप परिवार के साथ बैठकर जरुरी विषय पर चर्चा करेंगे। किसी एंट्रेस एग्जाम की तैयारी करने वाले छात्र आज अपने सीनियर से मदद ले सकते हैं। आज आपको रुका हुआ धन वापस मिलेगा।

**मिथुन** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका काम के प्रति डेडिकेशन होने से आप जल्द ही सफलता की ओर अग्रसर होंगे। आज किसी अनुभवी व्यक्ति का सानिध्य मिलेगा, जिससे आप अच्छा महसूस करेंगे। आज आपके किसी महत्वपूर्ण कार्य का पूरा होना संभव है। अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखेंगे।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का अच्छा परिणाम मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे पूरा दिन आपको अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और आपके दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी।

**सिंह** — आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे, जिसके आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे। आज आपको मानसिक उलझन से राहत मिलेगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आप किसी काम को पूरा करने के लिए अपने मित्र से सहयोग ले सकते हैं। आज आप व्यर्थ की बातों से बचें।

**कन्या** — आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगे, जिनका लाभ उठाकर आप जीवन में आगे बढेंगे। आज समाज सेवा से जुड़े व्यक्तियों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा और सहयोग मिलेगा। आज के दिन आप अपनी वाणी पर संयम बना के रखें और व्यर्थ के मामलों से दूर रहें।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आप नयी जमीन से संबंधित लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें। आज का दिन सुखद बीतेगा, आप परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आज आपके द्वारा लिए गए निर्णय सकारात्मक और फायदेमंद रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। युवाओं को आज अपने अध्ययन और करियर में एकाग्रता रखने से उचित परिणाम मिलेंगे। आज आप बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए कुछ समय उनके साथ जरूर बिताये। आज आप पेपर वर्क करते समय पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए मिला ड्ड जुला रहेगा। आज प्राइवेट नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों की आय में वृद्धि होगी और बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आपको प्रॉपर्टी से जुड़ी समस्या का समाधान मिलेगा, जिससे आपको संतुष्टि मिलेगी। आज जीवनसाथी के साथ रिश्ते में ताल - मेल बना रहेगा।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए ठीक ड्ड ठाक रहेगा। आज आपके व्यवहार में विनम्रता बनी रहेगी, जिससे कर्मचारी आपसे प्रसन्न होंगे। आज आपको नौकरी में ट्रान्सफर से जुड़ी खबर मिल सकती है। आज आप अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए, व्यायाम और खान-पान पर विशेष ध्यान दें। आज आपके मित्र हेल्प की उम्मीद रखेंगे।

**कुंभ** — आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज आप अपने व्यापार में विस्तार को लेकर चर्चा कर सकते हैं। आज आप अनुभवी तथा वरिष्ठ व्यक्तियों के मार्गदर्शन और सलाह पर उचित अमल करें, जिससे भविष्य में आपको बढ़िया लाभ मिलेगा। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**मीन** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आप किसी नए काम की शुरुआत को लेकर जीवनसाथी से बातचीत कर सकते हैं। आज आप कुछ समय एकांत या फिर आध्यात्मिक स्थल पर व्यतीत करें, जिससे आपके मन को शांति मिले। आज ऑफिस में कार्यभार अधिक होने की वजह से आपको ओवरटाइम करना पड़ सकता है।

# कांग्रेस संगठन बैठक में फूटा असंतोष, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने जताई उपेक्षा पर नाराजगी

खैरागढ़ (दावा)। कांग्रेस के सुजन संगठन अभियान के अंतर्गत गुरुवार को शहर कांग्रेस की बैठक में उस समय असंतोष का माहौल बन गया। जब वर्षों से पार्टी से जुड़े समर्पित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने संगठन में उपेक्षा और पारदर्शिता की कमी को लेकर खुलकर नाराजगी जताई। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे को घेरते हुए कहा कि लंबे समय से सेवा दे रहे पुराने कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर नए चेहरों को प्राथमिकता दी जा रही है। जिससे संगठन की जड़ों पर असर पड़ रहा है।



### बैठक में वरिष्ठों ने खोला मोर्चा

बैठक की शुरुआत में ही वरिष्ठ नेता राजेश लुनिया और अरशद हुसैन ने अपनी बात रखते हुए संगठन की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। पूर्व पार्षद सोनू ढीमर और किशन रजक ने भी अपनी उपेक्षा पर असंतोष जताया और संगठन में समन्वय की कमी पर चिंता व्यक्त की।

### शहर कांग्रेस में तीन मंडल, छह सेक्टरों में होगा पुनर्गठन

बैठक में शहर कांग्रेस के पुनर्गठन को लेकर विस्तृत योजना बनाई गई। जिसके तहत खैरागढ़ को तीन मंडल- पिपरिया, गोलबाजार और दाउचौरा में विभाजित किया गया। प्रत्येक मंडल के अंतर्गत दो-दो सेक्टर बनाए जाएंगे। पिपरिया मंडल में वार्ड 3, 4, 19, 20 व गोलबाजार मंडल में वार्ड 5 से 11 तथा दाउचौरा मंडल में अमलीपारा, अमलीडीह व अंबेडकर वार्ड सहित अन्य वार्ड शामिल किए गए हैं।

### सूचना तंत्र की कमजोरी से टला प्रभारियों का चयन

प्रत्येक सेक्टर के लिए प्रभारी नियुक्त किए जाने थे, लेकिन जानकारी समय पर न पहुंच पाने के कारण चयन प्रक्रिया स्थगित करनी पड़ी। इस पर भी कई कार्यकर्ताओं ने रोष जताते हुए सूचना तंत्र की मजबूती की मांग की।

### निष्ठा और गरिमा ही बने चयन का आधार - शताक्षी

बैठक में जिला पंचायत सदस्य सुश्री शताक्षी देवव्रत सिंह ने स्पष्ट कहा कि संगठन में जिम्मेदारी उन्हीं को दी जानी चाहिए। जो पार्टी के प्रति निष्ठावान हो और कांग्रेस की गरिमा को बनाए रखने में सक्षम हो। उन्होंने नए और पुराने कार्यकर्ताओं के बीच भेदभाव समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अहम बैठक में कांग्रेस नेता व शहर प्रभारी विजय वर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, पदमा देवी सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, पं. मिहिर झा, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुनिल कांत पांडे, छुईखदान ब्लाक अध्यक्ष रामकुमार पटेल, जिला पंचायत सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह,विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, वरिष्ठ कांग्रेसी राजेश लूनिया, पार्षद व नेता प्रतिपक्ष दिपक देवांगन, पार्षद शत्रुघन धृतरहरे, पुरूषोतम वर्मा, दिलीप लहरे, सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, अरशद हुसैन, जितेन्द्र सिंह गौर, पूरन सारथी, राधे पटेल, विधायक प्रतिनिधि यतेंद्रजीत सिंह 'छोटू', जिला युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष नदीम मेमन, सुबोध कांत पांडे, भरत चंद्राकर, नित्य शरण सिंह, सूर्यकांत यादव, अल्ताफ खान, गोपी रजक, महेश यादव, युकां नेता राजा सोलंकी, मनोज बैद, मंगलचंद डाकलिया, शेखर दास, दयाराम पटेल, सोनू डिमर, समीर कुरैशी, कमल टंडन, सुहैल खान 'रानू' सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह बैठक कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देने का एक प्रयास तो रही, लेकिन कार्यकर्ताओं के बीच उपेक्षा की भावना को दूर किए बिना संगठनात्मक मजबूती की दिशा में सार्थक कदम संभव नहीं दिखते।

# जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस को डोंगरगढ़ स्टेशन में हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे सांसद संतोष पांडे

डोंगरगढ़(दावा)। सांसद संतोष पांडे के अथक प्रयासों से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा नई दैनिक एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 01709 रायपुर-जबलपुर आज से प्रारंभ हो रहीं हैं। ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर ट्रेन का शुभारंभ राजनांदगांव जिले के सांसद संतोष पाण्डेय करेंगे।



**शुभारंभ अवसर पर सांसद का आभार व्यक्त कर किया जाएगा भव्य स्वागत - सांसद प्रतिनिधि**

सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस अवसर पर क्षेत्रवासियों की ओर से सांसद संतोष पांडे का आभार व्यक्त कर भव्य स्वागत किया जाएगा।

प्लेटफार्म नंबर एक में दोपहर 12 बजें, शुभारंभ अवसर पर प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बन्नोंआना, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोंआना, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में पूर्व विधायक गण, वरिष्ठ गण, सभी पार्षद गण, सभी पूर्व पार्षद गण, ग्रामीण के पूर्व वर्तमान पदाधिकारी, पंच, सरपंच, जनपद, जिला पंचायत सदस्य सभी मोर्चो प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण, सभी शक्ति केंद्र के प्रभारी संयोजक सह संयोजक गण, सभी बुथ अध्यक्ष गण एवं सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति की अपील सांसद प्रतिनिधि व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तरुण हथेल ने की है।

## पहला कॉलम...

### तुमड़ीबोड़ में जिला स्तरीय स्काउट-गाइड जांच शिविर शुरू, राष्ट्रसेवा पर दिया जोर



तुमड़ीबोड़ (दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के जिला संघ राजनांदगांव द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमड़ीबोड़ में तृतीय सोपान स्काउट गाइड एवं निपुण रोवर रेंजर जांच शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर जिला शिक्षा अधिकारी और जिला आयुक्त स्काउट, प्रवास कुमार सिंह बघेल के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। शिविर के उद्घाटन समारोह में जिला संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु प्रसाद साव, डोंगरगांव ब्लॉक अध्यक्ष टोमन साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष जागेश्वर (राजू) यादव, पूर्व सरपंच टीकम पटेल, समाजसेवी अमरतन साहू और एबीईओ सोरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मुख्य अतिथियों का स्वागत स्काउट परंपरा के अनुसार स्कार्फ पहनाकर किया गया। उद्बोधन के दौरान, एबीईओ सोरी ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण अच्छे से पूरा करने के लिए शुभकामनाएं दी। जागेश्वर यादव ने स्काउटिंग को राष्ट्रसेवा का एक सशक्त माध्यम बताया। विष्णु साव ने देशभक्ति के नारे और प्रेरणादायक गीतों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपने विकास की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस चार दिवसीय शिविर में स्काउट गाइड के तृतीय सोपान और रोवर रेंजर के निपुण स्तर के पाठ्यक्रम की जांच की जाएगी। शिविर में लेखराम वर्मा, देवेंद्र अंबादे, मयूख श्रीवास्तव, भारती रजक और अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। इस आयोजन को सफल बनाने में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती भुनेश्वरी साहू, ग्राम सचिव वाय. साहू और सुरेश जैन सहित ग्रामवासियों का सहयोग मिल रहा है।

### टटेंगा में यूथ एवं इको क्लब का शपथ ग्रहण



हरदी (दावा)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालय स्तर पर पर्यावरणीय चेतना व सतत जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में यूथ एवं इको क्लब मिशन फॉर लाइफ क्लब का गठन व शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। जिसमें मुरली कुमार को अध्यक्ष एवं अभिषेक, लक्ष्य कुमार, हिमानी, ललिता, रीवा, सुमन, वेदिका व लिशा को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। जिन्हें विद्यालय के प्राचार्य आरके देवांगन के द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया तथा उन सभी सदस्यों को उनके जिम्मेदारियों का बोध कराया गया। आगे उन्होंने कहा कि वर्ष दर वर्ष पूरे विश्व का तापमान व असंतुलन बढ़ रहा है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हो रहे प्रयास में आप सभी का चयन किया गया है। यदि आज हम सब सचेत नहीं हुए तो कल इसका खामियाजा हमें ही भुगतना होगा। यूथ एवं इको क्लब के प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि आज की सबसे बड़ी समस्या एक बार उपयोग में आने वाले प्लास्टिक की है। जिसका उपयोग हमें कम से कम करना चाहिए तथा पर्यावरण के प्रति अपने जिम्मेदार व्यवहार को अपनाना है। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ व्याख्याता पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी व रीना बोरकर ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नई टीम को शुभकामनाएं दी व विद्यालय को हरा भरा बनाने के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों तिलई मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोइर सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के द्वारा प्राथमिक सदस्यता ऑनलाइन 2024-25 का उत्कृष्ट सदस्यता अभियान कार्यक्रम नये रायपुर सीएम हाउस में रखा गया। जिसमें एक हजार से ऊपर ऑनलाइन प्राथमिक सदस्य बनाये है। ऐसे कार्यकर्ता का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों कार्यकर्ता उत्कृष्टता सम्मान को 1161 या जिसमें राजनांदगांव जिले के तिलई मंडल के अध्यक्ष परदेशीराम सोनबोईर को 1161 ऑनलाईन प्राथमिक सदस्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों से सदस्यता दीप सम्मान से पुरुस्कृत किया गया।

# खाद की कमी को लेकर किसानों का सोसायटी में हल्लाबोल

छुरिया (दावा)। सेवा सहकारी समिति ब्राह्मणी चारभांठा के किसानों को यूरिया डीएपी सहित अन्य खाद पर्याप्त मात्रा में समय पर नहीं मिलने के कारण किसानों ने शनिवार को सैकड़ों की संख्या में सोसाइटी में धावा बोल दिया। बम्हनी सोसायटी के अंतर्गत 12 गांव के 1800 किसानों को समिति के माध्यम से खाद का वितरण होना है, लेकिन धान बोआई, बियासी, धान रोपाई के कार्य लगभग समाप्त होने के बाद भी पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिलने के कारण किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और आक्रोशित किसान खाद की मांग को लेकर सोसायटी पहुंच गए। बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने सोसाइटी में इकट्ठा होकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को तत्काल सोसाइटी में यूरिया, डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग की।



**बड़ी संख्या में बम्हनी सोसाइटी पहुंचे किसान**

किसानों का कहना है कि अगर दो दिवस के भीतर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं होता है तो समस्त किसान समिति में ताला लगाकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन को होगी। सोसायटी में किसानों ने जिलाधीश राजनादगांव, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष एवं उपसंचालक कृषि राजनांदगांव को भी पत्र के माध्यम से खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बम्हनी सोसाइटी में अब तक 3200 बोरी युरिया खाद का वितरण हुआ है, जबकि पिछले वर्ष 8000 बोरी यूरिया खाद का वितरण हुआ था। वही इस बार इफको खाद 182 टन का वितरण हुआ है। जबकि पिछले वर्ष 312 टन खाद वितरण हुआ था। इसी प्रकार डीएपी खाद 74 टन वितरण हो चुका है। पिछले साल 63 टन खाद वितरण हुआ था। वही डीएपी खाद पिछले साल की अपेक्षा इस साल ज्यादा मात्रा में वितरण हुआ है। प्रभारी समिति प्रबंधक ने बताया कि 1800 किसानों में से लगभग 300 ऐसे किसान है, जिसको अब तक किसी प्रकार की कोई खाद वितरण नहीं हुआ है।

मोरकुटुम्ब के किसान गढ़ूर कतलाम ने बताया कि उनके पास 12 एकड़ खेत है, लेकिन उनको अभी तक एक बोरी भी किसी प्रकार के खाद का खाद्य प्राप्त नहीं हुआ है। जिसके कारण अभी तक वह खेत में खाद नहीं डाल पाए हैं। जिससे इस बार उत्पादन में भारी कमी आने की संभावना है। उपस्थित किसानों ने शासन प्रशासन से तत्काल युरिया, डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। इस अवसर पर सोसायटी अध्यक्ष शिवा मिश्रा, छबिलाल यादव, मायाराम साहू, विश्वनाथ चंद्रवंशी, वासुदेव, अखलूराम खिलावन साहू, मुकेश कुमार, जगन्नाथ, हरदेव कतलाम, सुरेश सोरी, चैन सिंह सोरी, भागुराम, ईश्वर, अकलू राम, तुलाराम, पतराम साहू, प्रकाश साहू, महेश राम, पतीराम, फत्तूराम, मनसु राम, लखन लाल, सुंदरलाल, कृपाराम, साहेब दास, पदमभूषण साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# खैरागढ़ में जुए के अड्डे पर छापा, 52 परी खेलते 6 जुआरी गिरफ्तार



छुईखदान (दावा)। छुईखदान थाना पुलिस ने देर रात मुर्गा मार्केट में एक गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारकर 52 परी नामक जुआ खेलते हुए छह लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताश की गड्डी और 16,10 रूपए की नकदी जब्त की है। यह कार्रवाई शुक्रवार की रात उस समय हुई जब पुलिस को मुखबिर से खबर मिली कि कुछ लोग सुनसान इलाके में शीशम के पेड़ के नीचे मोमबत्ती की हल्की रोशनी में जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद, पुलिस की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और जुआरियों को पकड़ लिया।

### गिरफ्तार आरोपियों के नाम

पुलिस ने जिन छह जुआरियों को गिरफ्तार किया है, उनके नाम और उनसे जब्त की गई राशि इस प्रकार है : प्रदीप चंद्राकर (42) कण्डरापारा 320 रूपए, इमरान खान (32) केंवटपारा 280 रूपए, सुरेश टांडिया (51) जमातपारा 340 रूपए, राम खेलावन (50) टिकरीपारा 360 रूपए, संतोष चंद्राकर (46) कनक नगर 350 रूपए, शांति लाल निषाद (36) केंवटपारा 320 रूपए सहित कुल 1610 रूपए की नकदी जब्त की गई है। पुलिस ने बताया कि सभी छह आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इस कार्रवाई को छुईखदान में जुए और सट्टे के खिलाफ एक कड़े संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

# सांसद संतोष पांडे के अथक प्रयास से डोंगरगढ़ को मिली ऐतिहासिक सौगात - रमन डोंगरे

डोंगरगढ़ (दावा)। नगरवासियों को आज एक बहुप्रतीक्षित और ऐतिहासिक सौगात प्राप्त हुई है। जनआंदोलन एवं जनप्रतिनिधियों के सतत प्रयासों के फलस्वरूप डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव को स्वीकृति मिल गई है। इसके साथ ही लंबे समय से बंद पड़ी लोकल ट्रेनों का संचालन भी पुनः सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया गया है। उक्त आशय के विचार व्यक्त करते हुए नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा है कि, यह निर्णय न केवल डोंगरगढ़ अपितु समूचे अंचल के यात्रियों के लिए सुविधा, सुरक्षा और समयबद्धता का नया द्वार खोलता है।



**जबलपुर -इंटरसिटी एक्सप्रेस का स्टॉपेज एवं लोकल ट्रेनों का संचालन पुनः प्रारंभ होने से रेल यात्रियों को मिलेगी सुविधा**

अब डोंगरगढ़ से राजनांदगांव, जबलपुर, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, गोंदिया एवं नागपुर जैसे महत्वपूर्ण नगरों की यात्रा और भी सरल व सुलभ हो जाएगी।यह कदम व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा धार्मिक पर्यटन को नई गति देगा और क्षेत्र के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने डोंगरगढ़ की आमजनता की ओर से इस महत्वपूर्ण उपलब्धि हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं प्रभारी मंत्री विजय शर्मा सांसद संतोष पांडे पूर्व सांसद मधुसूदन यादव अभिषेक सिंह रामजी भारती विनोद खांडेकर जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया है।

### हम डोंगरगढ़ स्टेशन के व्यापक विकास के लिए संकल्पित हैं - रमन डोंगरे अध्यक्ष नगर पालिका

अपने वक्तव्य पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि, यह डोंगरगढ़ की जनता की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे हमने संकल्प के रूप में लिया और निरंतर प्रयास करते रहे। यह केवल एक रेलवे स्टॉपेज नहीं, बल्कि डोंगरगढ़ की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊँचाई देने वाला निर्णय है।इस उपलब्धि के लिए मैं विशेष रूप से सांसद श्री संतोष पांडे जी की तत्परता, केंद्र सरकार की संवेदनशीलता और प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शिता के लिए आभार प्रकट करता हूँ।हम डोंगरगढ़ स्टेशन के व्यापक विकास के लिए संकल्पित हैं।

# साल्हेवारा पहुंचे संभागायुक्त राठौर : डॉक्टर को नोटिस, अस्पताल निर्माण कार्य में तेजी और अतिक्रमण हटाने के निर्देश

खैरागढ़ (दावा)। साल्हेवारा पहुंचे दुर्ग संभाग के आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान केसीजी जिले के छुईखदान विकासखंड के ग्राम साल्हेवारा स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान आयुर्वेदिक अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक डॉ. बहादुर सिंह मार्को अनुपस्थित पाए गए। आयुक्त ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



### दवाई भंडारण, मरीज पंजी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच की

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने दवाइयों के भंडारण, मरीज पंजी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी जांच की। उन्होंने बीएमओ को निर्देशित किया कि अस्पताल की सभी सेवाएं नियमित रूप से संचालित हो और मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साल्हेवारा में पहुंचकर मरीजों से प्रत्यक्ष संवाद किया और अस्पताल की स्थिति का जायजा लिया। मुख्य चिकित्सक ने भवन की जर्जर स्थिति, स्टाफ और संसाधनों की कमी के साथ मरीजों की बढ़ती संख्या जैसी समस्याएं सामने रखी। आयुक्त ने इन समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने हेतु एसडीएम छुईखदान अविनाश ठाकुर और बीएमओ मनीष बघेल को तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए।

### निर्माणाधीन 50 बिस्तर नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

निरीक्षण के दौरान 50 बिस्तर निर्माणाधीन नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साल्हेवारा का अवलोकन करते हुए उन्होंने निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने, परिसर की घेराबंदी सुनिश्चित करने और आसपास के अतिक्रमण को हटाने के भी सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं जनहित से जुड़ी हैं और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# खैरागढ़ सिविल अस्पताल की लापरवाही से गई जान, परिजनों ने उठाई आवाज

खैरागढ़ (दावा)। जिला मुख्यालय का सिविल अस्पताल आए दिन कुछ न कुछ कारणों से सुर्खियों में बना रहता है। क्या कारण है जिसकी वजह से शासन-प्रशासन इस ओर ध्यान क्यों नहीं दे रहा। क्षेत्रवासी कब तक छले जाएंगे। सिविल अस्पताल खैरागढ़ की व्यवस्थाएं एक बार फिर सवालों के घेरे में हैं। पर्ची काउंटर की कमी और धीमी प्रशासनिक प्रक्रिया के चलते इलाज में देरी अब जानलेवा बनती जा रही है। हाल ही में ऐसा ही एक हृदयविदारक घटना सामने आया है। जिसमें रीवागहन निवासी इन्द्राणी वर्मा की मामी बरखा जंघेल की हालत बिगड़ने पर उन्हें सिविल अस्पताल लाया गया, लेकिन पर्ची कटवाने में 40 मिनट का समय लग गया। इलाज में हुई इस देरी ने उनकी जान ले ली।





**0 इलाज कराने आए मरीज के परिजनों को पर्ची बनवाने में लगे 40 मिनट**

**0 मरीज की बिना इलाज हुए मौत, पर्ची काउंटर की कमी**

इन्द्राणी वर्मा ने इस घटना को केवल व्यक्तिगत पीड़ा नहीं मानी, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए इस व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी खैरागढ़ और जिला कलेक्टर के नाम एक विस्तारपूर्वक आवेदन सौंपा है। जिसमें उन्होंने सिविल अस्पताल में तत्काल सुधार की मांग की है। कम से कम दो या तीन अतिरिक्त पर्ची काउंटर की स्थापना की जाए। जिससे गंभीर मरीजों के लिए अलग प्राथमिकता पर्ची की व्यवस्था हो सके। कम्प्यूटर सिस्टम को तेज और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की आवश्यकता है। इन्द्राणी वर्मा ने अपने आवेदन में लिखा कि अगर पर्ची की प्रक्रिया में तेजी और प्राथमिकता होती तो शायद मेरी मामी आज जीवित होती। मरीज का इलाज होना सबसे पहली प्राथमिकता है। जिला प्रशासन को इस मुद्दे को गंभीरता से लेनी चाहिए। अस्पताल आमजन के विश्वास का केंद्र होता है और वहां समय पर इलाज की व्यवस्था होना सबसे पहली जरूरत है। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि जिला प्रशासन इस मुद्दे को गंभीरता से ले और अस्पताल में तत्काल कार्यवाही कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करें। जिससे भविष्य में किसी अन्य परिवार को ऐसी असहनीय पीड़ा का सामना न करना पड़े।

> पर्ची काउंटर बढ़ाने ब्लाक अधिकारी को तुरंत निर्देशीत किया गया है। सीएमएचओ ने शिकायत में वर्णित तथ्यों के आधार पर पर्ची काउंटर की संख्या बढ़ाने हेतु संबंधित ब्लॉक अधिकारी को निर्देशित किया गया है। मामले की परीक्षण प्रक्रिया जारी है।
> **- डॉ. आशीष शर्मा, सीएमएचओ केसीजी**

# कल आरला में होगा गोस्वामी तुलसीदास जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम आरला में जय मां सरस्वती मानस परिवार और समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय पूज्य पाद गोस्वामी तुलसीदास जयंती महोत्सव 2025 का आयोजन 4 अगस्त सोमवार को किया जा रहा है। यह आयोजन ग्राम आरला में संपन्न होगा। आयोजक समिति के पंचराम साहू ने बताया कि कार्यक्रम में अलग-अलग मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुतियाँ देंगी। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे से होगी और देर शाम तक चलेगी।



### कार्यक्रम की रूपरेखा

जय मां सरस्वती मानस परिवार ग्राम आरला सुबह 11 से 12 बजे तक, शिव संगम मानस परिवार भोथीपार खुर्द दोपहर 12 से 1 बजे तक, तारिणी महिला मानस परिवार कांकेतरा दोपहर 1 से 2 बजे तक, आदर्श मानस परिवार उसरीबोड दोपहर 2 से 3 बजे तक, सत्संग के गंगा मानस परिवार रेवाड़ीह दोपहर 3 से 4 बजे तक, जय गजानन मानस परिवार आरी (कोनारी) शाम 4 से 5 बजे तक, महादेव विष्णु कश्यप शाम 5 से 6 बजे तक भजन प्रस्तुत करेंगे। मोर जहुरिया मानस परिवार ओडिया अपनी प्रस्तुति देंगे।

### अतिथियों की उपस्थिति

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू होगी, जबकि अध्यक्षता प्रतिमा पप्पू चंद्राकर करेंगी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा होंगे और जनपद सदस्य मेघराज चंद्राकर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच श्रीमती साधना राहुल साहू, पूर्व सरपंच खेमदास साहू, उप सरपंच शशिकला देवांगन, संतोष लहरे और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

# सोनपुरी बनेगा मॉडल ग्राम : कलेक्टर की अगुवाई में विकास योजनाओं की गहन समीक्षा, ग्रामीणों से सीधा संवाद

खैरागढ़ (दावा)। राज्यपाल के गोदग्राम सोनपुरी को एक आदर्श मॉडल ग्राम में बदलने की दिशा में, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने ग्राम सोनपुरी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज सहित समस्त जिला अधिकारी, नवाचारी कृषक बिसेसर साहू, ग्राम सरपंच तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

बैठक में विकास योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई, जिसमें खुला जिम, पुस्तकालय, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और महिला स्वावलंबन को प्राथमिकता दी जा रही है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएँ, जिनका सीधा और सकारात्मक प्रभाव ग्रामीणों के जीवन स्तर पर दिखाई देना चाहिए। उनका जोर इस बात पर था, कि योजनाएँ केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनके क्रियान्वयन से ग्रामीणों के जीवन में वास्तविक बदलाव आए।

### स्वास्थ्य और स्वच्छता पर विशेष ध्यान

बैठक में स्वास्थ्य विभाग को सोनपुरी को टीबी मुक्त बनाने के लिए सक्रिय रूप से काम करने का निर्देश दिया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाकर उन्हें लाभ पहुँचाने के लिए भी कहा गया। गाँव में नियमित स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए 'क्लीन सोनपुरी' साप्ताहिक अभियान चलाने का निर्णय लिया गया, जिसमें ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य होगी।

### शिक्षा और साक्षरता को बढ़ावा

शिक्षा के क्षेत्र में गाँव में संध्याकालीन शिक्षा केंद्र शुरू किए गए हैं। इन केंद्रों में स्वयंसेवी ग्रामीण अपने घरों में कक्षाएँ संचालित कर रहे हैं, जो निरक्षरता को दूर कर सोनपुरी को पूर्ण रूप से साक्षर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



### पर्यावरण संरक्षण और जल प्रबंधन की प्राथमिकता

'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण अभियान को व्यापक रूप से लागू करने के साथ-साथ जल संरक्षण को भी उच्च प्राथमिकता दी जा रही है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुँचाने के लिए, शेष पाइप लाइन कार्यों का सर्वे कर उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए।

### महिला सशक्तिकरण और युवा उत्थान

महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें स्व-सहायता समूहों से जोड़ा जा रहा है, और उन्हें प्रशिक्षण, ऋण तथा भवन की सुविधा प्रदान की जाएगी। युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। इसके साथ ही, गाँव में ग्राम रोजगार मेला आयोजित करने की भी योजना है।

### आर्थिक और सामाजिक नवाचारों को बढ़ावा

ग्राम की सहकारी समिति को एक मल्टी फंक्शनल सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है, ताकि कृषि से जुड़ी सभी सेवाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकें। इसके अतिरिक्त, गाँव में टमाटर प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की कार्यवाही भी तेज कर दी गई है, जिससे किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य मिल सके।

### धार्मिक और सार्वजनिक संसाधनों का विकास

गाँव के धार्मिक स्थलों और तालाबों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। सामुदायिक शौचालयों के निर्माण, पेंशन योजनाओं के सुचारू संचालन और रेडक्रॉस सदस्यता अभियान की भी समीक्षा की गई, और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### राज्यपाल की घोषणा पर त्वरित कार्रवाई

राज्यपाल द्वारा सोनपुरी के लिए घोषित ओपन जिम और पुस्तकालय की स्थापना के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है, ताकि ग्रामीणों विशेषकर युवाओं को बेहतर सुविधाएँ मिल सकें।

### जनभागीदारी से ही बनेगा मॉडल ग्राम

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सोनपुरी को मॉडल ग्राम बनाना केवल प्रशासन का काम नहीं, बल्कि पूरे गाँव की सामूहिक साझेदारी और जनभागीदारी का परिणाम होगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निगरानी करते हुए अगली समीक्षा बैठक तक ठोस प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक के बाद, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने सीधे सभी ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने उनकी मांगों, स्थानीय समस्याओं और गाँव की प्राथमिक आवश्यकताओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।

# एनएचएम कर्मचारी संघ का आंदोलन 18 से

राजनांदगांव (दावा)। छग प्रदेश एन.एच.एम कर्मचारी संघ द्वारा आगामी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन आंदोलन की घोषणा की गई है। उक्त निर्णय पूरे प्रदेश के जिलाध्यक्षों सहित प्रांतीय पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया है। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अमित मिरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त तक अगर दस सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए कोई फैसला नही लिया गया तो 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि मोदी की गारंटी के तहत घोषणा पत्र में 100 दिन में नियमितीकरण करने का वादा किया गया था। लेकिन डेढ़ साल बाद भी वादा पुरा नही हुआ है।

### आंदोलन का दूसरा चरण

संगठन द्वारा 10 से 17 जुलाई तक चरणबद्ध आंदोलन किया गया था। लेकिन मांगे पूरी नहीं होने पर एक बार फिर आंदोलन की तैयारी की जा रही है। जिसमें आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा भी बंद रखने सहमती बैठक में बनी है।

### दस सूत्रीय मुख्य मांगे

स्वास्थ्य विभाग में संविलियन, नियमितीकरण, ग्रेड पे निर्धारण, मेडिकल अवकाश की कैशलेस सुविधा, स्थानांतरण नीति का निर्धारण, अनुकम्पा, पेंशन सहित अन्य 10 सूत्रीय मांगें रखी गई है। इन मांगों को पूरी करने 15 अगस्त तक का वक्त दिया गया है। अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो फिर अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरुआत संगठन द्वारा कर दी जाएगी। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं पर असर पड़ेगा।

## आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत जिले के आपदा प्रभावितों एवं उनके परिजनों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत तालाब के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए एवं राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 2 मकान आंशिक क्षति होने पर 8 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 2 केला फसल क्षति होने पर 28 लाख 441 रूपए, तालाब के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, सर्पदंश से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए तथा डोंगरगांव तहसील अंतर्गत सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# बैठक में लिया निर्णय, पदाधिकारी के मार्गदर्शन में होगा काम - राजपूत

ठेलकाडीह (दावा)। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में गत दिनों भाजपा तिलई मंडल के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के महत्व पूर्ण बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, सौरभ कोठरी के द्वारा भारत माता के चैलचित्र में दीप प्रज्वलित, पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

तत्पश्चात अतिथियों का भगवा गमछा और फुलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। उद्बोधन में मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोइर ने स्वागत उद्बोधन मे जिला अध्यक्ष को आश्वस्त किया की तिलई मंडल सभी कार्य को जिला के मार्गदर्शन मे सभी पदाधिकारी की सहयोग से व सभी जनप्रतिनिधि के सुझाव के साथ शत-प्रतिशत तय सीमा में बेहतर तरीके से काम करेंगे।

मुख्यवक्ता के रूप में पधारे जिलाध्यक्ष ने सबसे पहले सभी पदाधिकारियों का परिचय किया फिर सभा को संबोधित करते हुए कहा की पार्टी के विचार को एवं केंद्र व राज्य के सभी जनकल्याणकारी योजनाएं को बूथ स्तर तक लेकर जाना है, और सभी बूथ मे जीत सुनिश्चित करना है। इसी भाव के साथ हम सबको एक साथ मिलकर काम करना है।

उन्होंने कहा मेरा बूथ, सबसे मजबूत, बूथ जीतो चुनाव जीतो। इस मौके पर जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने भी कार्यकर्ताओ को संबोधित किया।

# वित्त नियंत्रक तिलक शोरी को भावभीनी विदाई, समर्पित कार्यशैली की हुई सराहना



मोहला-मानपुर के छोटे से गांव अरजकुंड से राज्य वित्त सेवा के सर्वोच्च पद तक का सफर

अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के वित्त नियंत्रक और राज्य वित्त सेवा के वरिष्ठतम अधिकारी तिलक शोरी आज से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर इंद्रावती भवन, नवा रायपुर स्थित ऑडिटोरियम में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने शोरी की उत्कृष्ट कार्यशैली, समर्पण, निष्ठा और कर्मठता की मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन रितेश अग्रवाल ने कहा कि शोरी ने विपरीत परिस्थितियों में भी संतुलित और जनहितकारी निर्णय लेकर विभाग को दिशा दी। उन्होंने शोरी को अनुकरणीय प्रशासक और संवेदनशील नेतृत्वकर्ता बताते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। अन्य अधिकारियों ने भी शोरी के मिलनसार स्वभाव, मृदु भाषण और कर्मनिष्ठ व्यक्तित्व को याद करते हुए उनके सुखद, स्वस्थ और यशस्वी भविष्य की कामना की। तिलक शोरी का जन्म आदिवासी बहुल मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के ग्राम अरजकुंड में हुआ। प्रारंभिक शिक्षा अंबागढ़ चौकी में प्राप्त कर उन्होंने राजनांदगांव के दिग्विजय कॉलेज से उच्च शिक्षा पूरी की।

वे छात्र जीवन में मेधावी होने के साथ-साथ एक लोकप्रिय छात्र नेता भी रहे। शासकीय सेवा में उनका प्रवेश वर्ष 1986 में उच्च वर्ग शिक्षक के रूप में हुआ। वर्ष 1988-89 में वे मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से लेखाधिकारी पद पर चयनित हुए। सेवा के विभिन्न चरणों में उन्होंने बालाघाट, भोपाल, कवर्धा समेत अनेक स्थानों पर कार्य किया।

# श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम पंचायतों में मोबाईल कैम्प का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए एसओपी अंतर्गत आने वाले जिले के ग्राम पंचायतों में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

मोबाईल कैम्प के माध्यम से शासन द्वारा श्रमिक वर्ग हेतु संचालित श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण, संशोधन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। साथ ही निर्माण श्रमिकों, असंगठित कर्मकारों का पात्रतानुसार पंजीयन हेतु ऑनलाईन आवेदन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कैम्प में आवेदनों तथा पंजीयन में आ रही समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है।

हितग्राही श्रमिक पंजीयन एवं योजनाओं के ऑनलाईन आवेदन जनपद पंचायतों में संचालित श्रम कल्याण केन्द्र, श्रमेव जयते मोबाईल एप, नजदीकी लोकसेवा केन्द्र एवं इंटरनेट कैपे के माध्यम से कर सकते है। श्रमिक पंजीयन एवं योजनाओं के संबंध में अन्य जानकारी के लिए मुख्यमंत्री सहायता केन्द्र के हेल्प लाईन नंबर व टोल फ्री नंबर 0771-3505050 पर संपर्क कर सकते है।

श्रम पदाधिकारी ने बताया कि माह अगस्त 2025 में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा। श्रमिक मोबाईल कैम्प के माध्यम से श्रमिक पंजीयन एवं योजना की जानकारी प्राप्त कर आवेदन कर सकते है। राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत 5 अगस्त को देवादा, 7 को ग्राम भेड़ीकला, 12 को चिखली वार्ड (निर्माण कार्य), 18 को ग्राम महाराजपुर, 21 को संत रविदास वार्ड, 29 को ग्राम रेंगाकठेरा में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह डोंगरगढ़ विकासखंड में 4 अगस्त को ग्राम सलोनी, 6 को लाल बहादुर नगर, 11 को ग्राम मुसराकला, 13 को ग्राम सिवनीकला, 20 को ग्राम खुर्सीपार, 22 को ग्राम मुरमुंदा एवं डोंगरगांव विकासखंड में 5 को ग्राम मनेरी, 12 को ग्राम जंतर, 14 को ग्राम तुमड़ीबोड़, 20 को ग्राम सुखरी, 22 को ग्राम घोरदा तथा छुरिया विकासखंड में 4 को ग्राम झिथराटोला, 6 को ग्राम हालेकोसा, 20 अगस्त को ग्राम घोरतालाब में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

# कलेक्टर ने डोंगरगढ़ विकासखंड के दूरस्थ अंचल क्षेत्र ग्राम लाल बहादुर नगर, बोरतलाब, बागरेकसा, रानीगंज तथा पनियाजोब एवं ढारा जलाशय का किया निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज डोंगरगढ़ विकासखंड के दूरस्थ अंचल क्षेत्र ग्राम लाल बहादुर नगर, बोरतलाब, बागरेकसा, रानीगंज तथा पनियाजोब एवं ढारा जलाशय का निरीक्षण किया तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर ने लाल बहादुर नगर में सीएमओ एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया।



शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों का लिया जायजा
नये तहसील कार्यालय के भवन निर्माण के लिए किया स्थल निरीक्षण
सहकारी समिति में किसानों से खाद एवं बीज के संबंध में ली जानकारी

उन्होंने निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। तहसील कार्यालय में निरीक्षण के दौरान लंबित राजस्व प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नये तहसील कार्यालय के भवन निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने सहकारी समिति में किसानों से खाद एवं बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-बीज की कमी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए पहले से ही पर्याप्त खाद-बीज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया तथा वहां मरीजों से बात कर स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से डायरिया, सर्दी, खांसी, बुखार, टाईफाईड सहित अन्य मौसमी बीमारियों के दृष्टिगत सभी आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने चिकित्सालयों में साफ-सफाई, पेयजल एवं मरीजों को मिलने वाली अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचने वाले मरीजों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने मरीजों से चर्चा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने ग्राम बोरतलाब में सहकारी समिति में किसानों से खाद एवं बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने उच्चतर माध्यमिक शाला बागरेकसा का निरीक्षण किया तथा वहां बच्चों से पढ़ाई की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने वन विभाग द्वारा ग्राम बागरेकसा में किए गए पौधरोपण कार्य का निरीक्षण किया। ग्राम रानीगंज में पौधरोपण किया तथा पनियाजोब डेम एवं ढारा जलाशय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, एसडीओ वन विभाग श्रीमती पूर्णिमा राजपूत, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती भगवती साहू सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**काशी में मोदी बोले- सिंदूर के बदले का....**

दलों तक सीमित ना रखकर हर नागरिक की जिम्मेदारी बताया. उन्होंने कहा, सरकार इस दिशा में हर प्रयास कर रही है. लेकिन देश के नागरिक के रूप में हमारे कुछ दायित्व हैं. ये बात सिर्फ मोदी नहीं, हिंदुस्तान के हर व्यक्ति को हर पल बोलते रहना चाहिए- दूसरे को कहते रहना चाहिए. जो देश का भला चाहते हैं, जो देश को तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनाना चाहते हैं, उसे अपने संकोच को छोड़कर देशहित में हर पल देशवासियों के अंदर एक भाव जगाना होगा- वह संकल्प है, हम स्वदेशी को अपनाएं. मोदी ने साफ किया कि वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया को अब केवल नारा नहीं, व्यवहारिक जीवन का हिस्सा बनाना होगा. प्रधानमंत्री ने देश के व्यापारियों और उद्योगजगत से विशेष आग्रह किया और कहा, अब समय आ गया है कि सिर्फ और सिर्फ स्वदेशी उत्पादों को ही बेचा जाए. उन्होंने कहा, मैं व्यापार जगत से जुड़े भाइयों को आगाह करता हूं- अब हमारी दुकानों पर सिर्फ स्वदेशी सामान बिकना चाहिए. यही देश की सच्ची सेवा होगी. जब हर घर में नया सामान आए तो वो स्वदेशी ही हो, यही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए. पीएम मोदी का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब वैश्विक व्यापारिक दबाव, रूस-यूक्रेन युद्ध, चीन से आयात पर बहस और अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी जैसे मुद्दे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चर्चा के केंद्र में हैं.

**सीएम विष्णुदेव साय बोले- समृद्ध और खुशहाल....**

देते हुए भगवान महादेव से छत्तीसगढ़ के सतत् कल्याण, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से छत्तीसगढ़ के लगभग 25 लाख से अधिक किसानों को 553 करोड़ 34 लाख रुपये की धनराशि प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अन्नदाताओं को आर्थिक संबल देकर उनके परिश्रम का सम्मान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार मोदी की गारंटी के अनुरूप किसानों की उन्नति के लिए निरंतर समर्पित भाव से कार्य कर रही है। हमने किसानों से जो वादा किया था, उसे पूरा किया है। आज छत्तीसगढ़ में किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की कीमत दी जा रही है, जो उनकी आय को और सुदृढ़ कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार गठन के दस दिनों के भीतर ही 3716 करोड़ रुपये की 2 वर्ष की बकाया बोनस राशि का भुगतान कर हमने किसानों के भरोसे को और मजबूत किया। पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 'किसान क्रेडिट कार्ड योजना' की शुरुआत हुई, जिसने खेती-किसानी को लाभकारी व्यवसाय में परिवर्तित कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहले किसान भारी ब्याज दरों पर उधार लेकर खेती करते थे, लेकिन आज केसीसी के माध्यम से शून्य ब्याज दर पर ऋण मिल रहा है, जिससे खेती-किसानी और आसान हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए तेज़ी से कार्य किया जा रहा है। बस्तर क्षेत्र में नक्सलवाद की कमर टूट चुकी है और हम बोधघाट परियोजना, महानदी और इंद्रावती नदी को जोड़ने जैसी योजनाओं के माध्यम से बस्तर को सिंचित और समृद्ध क्षेत्र बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। साय ने कहा कि दलहन-तिलहन फसलों को प्रोत्साहित करने के लिए 10 हजार रुपये की सहायता राशि का प्रावधान किया गया है। साथ ही, भूमिहीन कृषि मजदूरों को भी 10 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खेती ही नहीं, बल्कि मत्स्यपालन, दुग्ध उत्पादन और पशुपालन जैसे सहायक कृषि कार्यों को भी सशक्त करने में जुटी है। 'दुधारू पशु वितरण योजना' को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश के 6 जिलों से प्रारंभ किया गया है, जिसे नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के माध्यम से लागू किया जा रहा है। इससे दूध का उत्पादन बढ़ेगा और किसानों को उसकी उचित कीमत मिलेगी। साय ने कहा कि मिलेट्स ( अन्न) जैसे पौष्टिक अनाजों का उत्पादन, कोदो, कुटकी और रागी जैसी पारंपरिक फसलों की खेती को बढ़ावा देकर किसानों को बाजार में बेहतर दाम दिलाने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार निरंतर किसानों को इस योजना के तहत राशि सीधे उनके खाते में हस्तांतरित कर रही है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में गांव-गांव में पक्की सड़कें बन गई हैं। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से अब किसानों को बिना ब्याज के अल्पकालिक ऋण उपलब्ध हो रहा है। हमारी सरकार ने अनेक योजनाएं धरातल पर लाकर किसानों की बेहतरी के लिए कार्य किया है।

**जांच अधिकारियों ने मुझे प्रताड़ित किया और....**

है. प्रज्ञा ठाकुर ने कहा कि कई एटीएस अधिकारियों ने कानून के नाम पर गैर कानूनी काम किए हैं. जेल में मुझे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया. प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कोर्ट के फैसले पर कहा कि यह भगवा की जीत है, धर्म की जीत है और सनातन धर्म की जीत है. हालांकि इन लोगों में इतना दम नहीं कि पराजित कर सकें. इन लोगों ने प्रताड़ित कर भगवा और हिंदू धर्म को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास किया है. ऐसे लोगों को दंड दिलवाने का हम प्रयास करेंगे. यह पूरा केस गढ़ा गया था, इसका कोई आधार नहीं था.सत्य प्रकट और सिद्ध होता है, इस केस में भी ऐसा हुआ.

**पूर्व सांसद रेवन्ना को उम्र कैद की सजा.....**

इसमें 113 गवाहों के बयान शामिल थे। मामले तब प्रकाश में आए, जब प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित अश्लील वीडियो वाले पेन-ड्राइव कथित तौर पर हासन में 26 अप्रैल, 2024 को होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले प्रसारित किए गए। प्रज्वल रेवन्ना को पिछले साल 31 मई को जर्मनी से बंगलूरू हवाई अड्डे पर पहुंचने पर होलेनरसीपुरा टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले के सिलसिले में एसआईटी ने गिरफ्तार किया था। रेवन्ना 2024 के लोकसभा चुनावों में हासन संसदीय क्षेत्र पर जीत हासिल करने में विफल रहे थे। उनके खिलाफ दर्ज मामलों के बाद जेडीएस ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था।

**राहुल गांधी का दावा- कृषि कानून पर अरुण....**

कभी ऐसी स्थिति आती भी जैसा कि राजनीति में अक्सर होता है, तो वह सभी के लिए एक पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान पर पहुंचने के लिए स्वतंत्र और खुली चर्चा का आह्वान करते थे। वह बस ऐसे ही थे और आज भी उनकी यही विरासत है। मैं राहुल गांधी की सराहना करता हूँ कि वे उन लोगों के बारे में बोलते समय सचेत रहें जो हमारे साथ नहीं हैं। उन्होंने मनोहर पर्रिकर के साथ भी कुछ ऐसा ही करने की कोशिश की, उनके अंतिम दिनों का राजनीतिकरण किया, जो उतना ही घटिया था। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे याद है कि जब मैं कृषि कानूनों का विरोध कर रहा था और वे (अरुण जेटली) अब नहीं हैं, इसलिए शायद मुझे यह नहीं कहना चाहिए, लेकिन मैं कहूंगा, अरुण जेटली को मुझे धमकाने के लिए भेजा गया था। कांग्रेस सांसद ने कहा कि जेटली कहा कि अगर आप सरकार का विरोध करते हुए इसी रास्ते पर चलते रहे, तो हमें आपके खिलाफ कार्रवाई करनी होगी। मैंने उनकी तरफ देखा और कहा, मुझे नहीं लगता कि आपको पता है कि आप किससे बात कर रहे हैं, क्योंकि हम कांग्रेस के लोग हैं, हम कायर नहीं हैं।

**चुनाव आयोग मोदी जी की....**

बीजेपी शासित राज्यों में कथित सांप्रदायिक ध्रुवीकरण वाले विस्तृत पैटर्न से भी जोड़ने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, बीजेपी शासित राज्यों में अल्पसंख्यकों के खिलाफ उत्पीड़न बढ़ गया है। वे मुगलों की बात करते हैं, चिकन, मंगलसूत्र की बात करते हैं, सिर्फ समाज को बांटने के लिए। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में यह कहने की कोशिश की कि प्रधानमंत्री की भूमिका संविधान को कायम रखने की है, इसे कम करने की नहीं। उन्होंने कहा, लोगों ने प्रधानमंत्री को इस देश के संविधान की रक्षा के लिए चुना है, इसे खत्म करने के लिए नहीं।बिहार में चुनाव आयोग ने अभी-अभी मतदाता सूची की छानबीन का काम किया है, जिसे विशेष गहन पुनरीक्षण कहा गया है। लेकिन, विपक्ष को चुनाव आयोग का यह काम फूटी आंखों रास नहीं आ रहा है।

**खतरे में संविधान, वैचारिक तख्तापलट....**

ही समानता को बरकरार रखा, अब अपनी शक्ति का इस्तेमाल उसी ढांचे को ध्वस्त करने के लिए कर रहे हैं जिसका वे लंबे समय से विरोध करते रहे हैं। उन्होंने कहा, उनके वैचारिक पूर्वजों ने मनुस्मृति का महिमामंडन किया, तिरंगे को नकारा और एक हिंदू राष्ट्र की कल्पना की, जहां लोकतंत्र खोखला हो और भेदभाव ही कानून हो। सत्ता में रहते हुए उन्होंने संस्थाओं को नष्ट किया, असहमति को अपराध घोषित किया, अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया और दलितों, आदिवासियों, ओबीसी और मेहनतकश गरीबों के साथ विश्वासघात किया। अब वे समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता को मिटाना चाहते हैं, जो अंबेडकर के समान नागरिकता के दृष्टिकोण के स्तंभ हैं। यह कोई सुधार नहीं है, बल्कि एक वैचारिक तख्तापलट है।

**राहुल गांधी का दावा: चुनाव आयोग....**

विपक्ष के नेता संसद में लगातार स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का विरोध कर रहे हैं। इस वजह से सदन की कार्रवाई भी बार-बार स्थगित हो रही है। राहुल के अलावा तेजस्वी यादव ने भी आरोप लगाए कि वोटर लिस्ट में उनका नाम नहीं है। हालांकि, चुनाव आयोग ने बताया कि तेजस्वी का नाम वोटर लिस्ट में है, लेकिन उनका एपिक नंबर बदल गया है। इस वजह से उन्हें लिस्ट में उनका नाम नहीं मिल रहा था। राहुल गांधी ने इससे पहले भी चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए थे, जिन्हें आयोग ने सिरे से खारिज कर दिया था। उन्होंने चुनाव आयोग के अधिकारिकों के लिए धमकी भरे अंदाज में कहा था कि वोटों की चोरी में शामिल अधिकारियों को छोड़ा नहीं जाएगा। रिटायर होने पर भी उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**अगर सबूतों का एटम बम है तो....**

एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने यह बात कही। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चुनाव आयोग पर निशाना साधने के लिए शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की। राजनाथ सिंह ने आगामी विधानसभा चुनावों की तुलना एक चौराहे से की, जिसमें एक रास्ता (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के तहत) आगे की प्रगति की ओर ले जाता है और दूसरा ('इंडिया' गठबंधन के तहत) बिहार को अराजकता और जाति संघर्ष के पुराने दौर में वापस ले जाता है। भारतीय जनता पार्टी के सीनियर नेता राजनाथ सिंह ने कटाक्ष करते हुए कहा, राहुल गांधी कहते हैं कि उनके पास एटम बम है। अगर ऐसा है, तो उन्हें तुरंत उसे फोड़ देना चाहिए। उन्हें बस यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह खुद खतरे से दूर रहें।÷ सिंह ने कहा कि देश को राहुल गांधी के पिछले बयानों की याद है। रक्षा मंत्री ने कहा, उन्होंने (राहुल) संसद में भूकंप आने की धमकी दी थी, लेकिन जब उन्होंने अपनी बात रखी, तो वह एक बेकार बात साबित हुई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का चुनाव आयोग एक ऐसी संस्था है, जो निर्विवाद ईमानदारी के लिए सम्मानित है। राजनाथ सिंह ने कहा, राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। विपक्ष के नेता को किसी संवैधानिक संस्था के बारे में निम्न स्तर की बयानबाजी करना शोभा नहीं देता।

**मानव तस्करी और धर्मांतरण के....**

नारायणपुर निवासी तीन युवतियों को एक युवक रेलवे स्टेशन लेकर पहुंचा थे।जहां तीनों युवतियों को लेने के लिए दो नन पहुंची थी। इस बात की जानकारी बजरंग दल को लगी जिसके बाद वो दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचे और जमकर हंगामा किया।बजरंग दल ने ननों पर मानव तस्करी और धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत जीआरपी दुर्ग में की।जिसके बाद जीआरपी ने दो ननों और युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था जहां जेल भेज दिया था ननों की गिरफ्तारी के बाद 29 जुलाई को कांग्रेस सांसदों का प्रतिनिधिमंडल दुर्ग पहुंचा और जेल में बंद ननों से मुलाकात की। सांसदों ने मुलाकात के बाद कहा कि ननों को झूठे आरोपों में फंसाया गया है। वहीं गिरफ्तार दो ननों के मामले में ईसाई मतदाताओं को खुश करने के आरोप पर केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कहा जो कोई भी मेरे या पार्टी के पास आता है और मदद मांगता है, चाहे वह किसी भी समुदाय से हो, हम उनकी मदद करना अपना कर्तव्य समझते हैं। चर्च के सदस्यों ने हमसे मदद का अनुरोध किया था। हम उनकी मदद के लिए 6-8 दिनों से काम कर रहे हैं। मैं पिछले 5 दिनों से सोया नहीं हूँ। मैं हर चीज को राजनीतिक नजरिए से नहीं देखता।

# आवारा मवेशियों के प्रबंधन हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



खैरागढ़ (दावा)। नगरीय एवं ग्रामीण दोनों ही क्षेत्र में आवारा मवेशियों से हो रही परेशानी के मद्देनजर जिला कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभा कक्ष में अधिकारियों एवं गौसेवा से जुड़े समाजसेवियों की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में समाजसेवी व नगर पंचायत अध्यक्ष गंडई लाल टारकेश्वर खुसरो, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, जिला पंचायत के सीईओ प्रेम कुमार पटेल, एडिशनल एसपी निलेश गौतम, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, पशु चिकित्सा अधिकारी, जनपद सीईओ श्री बंजारे एवं सीएमओ नरेश वर्मा उपस्थित थे। अधिकारियों के द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में प्रत्येक ग्राम में चरवाहा की व्यवस्था की जा रही है। मवेशियों को रात में घर में बांध कर रखने के लिए सख्ती की जा रही है। अन्य ग्राम से आवारा मवेशी छोड़ने वालों की निगरानी की जा रही है।। मुख्य सड़क में बैठने वाले पशुओं को हटाने के लिए कर्मचारी लगाए जा रहे हैं। कांजीहाउस को ठीक करके पशु को रखा जाएगा। चारा दान कराने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ ग्राम में आवारा पशु को सार्वजनिक स्थल पर रखने की अस्थाई व्यवस्था की गई है।

समाजसेवी व सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने बताया कि खैरागढ़ में तीन गौशाला संचालित हैं, जिनमें क्षमता के अनुरूप मवेशी रखे गए हैं, जिनके लालन पालन में काफ़ी खर्च होता है। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शामिलात चारागाह एवं घास भूमि को पशु को रखने के लिए उपयोग किया जा सकता है। नगर पंचायत अध्यक्ष गंडई लाल टारकेश्वर खुसरो ने बताया की गण्डई में जनसहयोग से सौ से अधिक पशु का देखभाल किया जा रहा है। उनके अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के लोग रात में नगरीय क्षेत्र में पशु छोड़कर चले जाते हैं। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल के द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निजी एवं आवारा पशु दोनों के तात्कालिक प्रबंधन के लिए सख्त निर्देश दिए गए।

उन्होंने निजी पशुओं के लिए प्रत्येक ग्राम में अनिवार्य रूप से चरवाहा रखने के निर्देश दिए। साथ ही कांजीहाउस को तत्काल क्रियाशील करके आवारा मवेशियों को रखने कहा। सीमावर्ती ग्रामों में पशु निगरानी समिति गठित किया जावे।

आगामी ग्राम सभा में पशु प्रबन्धन पर अनिवार्य रूप से चर्चा किया जावे। आगामी दिनों में पशुओं की पहचान हेतु रेडियम टैग लगाया जावे। खरीफ सीजन के धान का पैरा इकट्ठा करने हेतु बेलिंग मशीन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निजी मवेशियों को खुले में छोड़ने वालों को समझाईस दी जाए। उसके बाद भी पशु को खुला में छोड़ने पर जुर्माना लगाया जावे। पुलिस विभाग को लगातार गस्त करके पशु को एक जगह से दूसरी जगह छोड़ने वाले अथवा अन्य जिला से इस जिला में लाने वालों पर कड़ाई से कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए।

# निर्मला जितेंद्र सिन्हा शिव महापुराण कथा में हुई शामिल



डोंगरगढ़ (दावा)। सावन मास के पावन अवसर पर धर्म नगरी डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी धाम में 20 से 27 जुलाई तक आयोजित हुए श्री पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा में पूर्व जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिन्हा ने भाग लिया। कथावाचक ख्याति प्राप्त भागवताचार्य पंडित मनोज पुष्प महाराज थे। जिनकी कथा का सीधा प्रसारण उनके यूट्यूब और फेसबुक चैनल पर भी किया गया। श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिन्हा ने कथा व्यास पीठ से आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस आयोजन में श्रीमती सिन्हा के साथ श्रीमद् भागवत सेवा संस्थान पंजी शाखा, डोंगरगढ़ के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी, दही हांडी उत्सव मनाने, रामसप्ताह समिति की बैठक सम्पन्न

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। नगर के श्री प्राचीन हनुमान मंदिर बजरंग चौक में राम नाम सत्ता समिति की बैठक संपन्न हुई, जो की लगभग 90 वर्ष से चले आ रहे राम संकीर्तन सप्ताह वह श्री कृष्ण जन्माष्टमी को एक दिन वह दूसरे दिन गोविंदा उत्सव दही लुट मनाने का निर्णय राम सप्ताह समिति द्वारा लिया गया।



ज्ञात हो कि लगभग 90 वर्ष से चले आ रहे राम संकीर्तन सप्ताह मे नगर वासियों के द्वारा उपस्थिति कम होने की वजह से राम संकीर्तन एक दिन का ही रह गया है, वह एक दिन 16 अगस्त शनिवार को जन्माष्टमी के दिन बजरंग चौक सिर्फ प्राचीन महावीर मंदिर में राम संकीर्तन होगा एवं रात्रि 12:00 बजे राजवाड़ा राधा कृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया जाएगा जहां श्री आंजनेय मानस परिवार द्वारा राम कथा कही जाएगी एवं दूसरे दिन रविवार 17 अगस्त को नगर के सभी मार्गो को होते हुए गोविंदा उत्सव दही लूट कर खाद्य पदार्थ व खाद्य पदार्थ व धन लुटाया जाएगा, जिसमें नगर के विभिन्न युवा टोलियों के द्वारा रोड पर दही हांडी का लुट किया जाएगा।जहां नगर के सभी नगरवासियों के द्वारा मिठाई दही माखन व खाद्य पदार्थ और धन लुटाया जाता है। जहां दूर-दूर से आसपास गांव के लोग आनंद लेने उत्साह के साथ आते हैं।

नगर रामसत्ता समिति के अध्यक्ष शंकर निषाद एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, सुकृतदास मानिकपुरी ने बताया कि 17 अगस्त रविवार को विशाल शोभा विशाल शोभा विशाल शोभायात्रा जोर शोर से विभिन्न झांकी, आदिवासी मादरी नृत्य ,राउत नृत्य व बाजे गाजे से निकाली जाएगी। बैठक में दिनेश ताम्रकार ,शोभा शंकर त्रिपाठी पूर्व पार्षद धर्मेंद्र साहू, पूर्व पार्षद देव प्रसाद यादव दुर्गु किसान, यशवंत बोरकर लखन देवांगन, बिसाहू प्रसाद पांडे, संतोष कुंभकार आदि बहु संख्या नगरवासी उपस्थित रहे।

# स्टेशन पारा की सरकारी स्कूल जर्जर, हादसों को मिल रहा न्योता




आम आदमी पार्टी के राजेंद्र सोनी ने शासन प्रशासन का खींचा ध्यान

राजनांदगांव (दावा)। शहर के स्टेशन पारा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला और शासकीय प्राथमिक शाला दोनों की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है। स्कूल उसी से लगे सामुदायिक भवन में संचालित हो रहा है। जर्जर स्कूल भवन कब किस समय ढ़ह जाए। पढ़ने और पढ़ाने वाले कब इसकी चपेट में आ जाए, कहां नहीं जा सकता। आम आदमी पार्टी के राजेंद्र सोनी (भाई राजा) ने बताया कि शाला भवन 1941 में बना है। जिसकी मरम्मत के लिए भी समुचित ध्यान नहीं दिया गया है। कांग्रेस व भाजपा अपनी-अपनी सत्ता रहते इसका जीर्णोद्धार कराया जाता तो यह खतरा उत्पन्न नहीं होता।

श्री सोनी ने आगे बताया कि इस स्कूल में प्राथमिक में 45 और मिडिल स्कूल में 55 बच्चों सहित 105 बच्चे अध्यनरत है। जबकि यहां पढ़ने वाले बच्चे जो की स्टेशन पारा, चिखली, रामनगर व शांति नगर से आते हैं। जो जर्जर स्कूल भवन के आसपास खेलते रहते हैं। वहीं स्कूल के शौचालय का भी बुरा हाल है। स्कूल के सामने पानी भर जाने से फिसलन रहती है। नाली की सफाई नहीं, नाली की पानी का समुचित निकासी नहीं होती है। नाली में लंबे समय तक पानी का ठहराव होने से दुर्गंध आती है। इस कारण से विद्यार्थियों और शिक्षक शिक्षिकाओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी को इस संबंध में कई दिन पहले पत्र के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गत दिनों स्कूल भवन जर्जर होकर एक हिस्सा गिर भी चुका है। जिस सामुदायिक भवन में स्कूल संचालित हो रहा है, वह भी जर्जर होकर ढ़हने की कगार पर है। ऐसे में शासन-प्रशासन को बच्चों की सुरक्षा के साथ पढ़ाई सुनिश्चित करने की जरूरी कदम तत्काल उठाया जाना चाहिए।

श्री सोनी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 15 दिन के अंदर उचित व्यवस्था नहीं की गई तो आम आदमी पार्टी सड़क की लड़ाई लड़ने मजबूर होगी। स्कूल निरीक्षण के दौरान आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी, प्रदेश सचिव चित्रमणि वर्मा, राजेंद्र सोनी, मंगल राजपूत, रोहित नेहरा, इरफान खान, लोमेश रामटेक, अशोक चौबे आदि शामिल थे।

## 11वीं की छात्रा ने की आत्महत्या

कोरबा। 11वीं कक्षा की छात्रा ने महज इसलिए घर में फांसी लगाकर जान दे दी, क्योंकि परिजनों ने फटकार लगाई थी. घटना ने परिजनों को एक तरह से मानसिक तौर पर तोड़ दिया है, वहीं पुलिस अपनी कार्रवाई में जुटी है. 16 साल की अदिति सोलंकी जैन पब्लिक स्कूल गोढ़ी में 11वीं की छात्रा थी, और उसके पिता अजय पाल सिंह ठेकेदार हैं. संयुक्त परिवार में बालको कर्मी बड़े पिता के अलावा परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल हैं. बताए अनुसार, अदिति और उसके परिजनों के बीच रात में स्कूल जाने को लेकर कहासुनी हुई थी. सुबह अदिति की लाश पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटकी हुई मिली.

# अंग्रेजी पढ़ाने में दक्ष होंगे शिक्षक, बच्चों को मिलेगा फायदा



बिलासपुर में जिले की आठ शिक्षकों ने ली ट्रेनिंग

राजनांदगांव (दावा)। बच्चों को स्कूली बच्चों को अंग्रेजी विषय से जहां डर लगता था। वही इस विषय को लेकर कई शिक्षक ठीक तरह से अंग्रेजी नहीं पढ़ पाते हैं। ऐसी स्थिति में सरकार ने शिक्षकों को अंग्रेजी में प्रशिक्षित करने की योजना बना रखी है। इसी कड़ी में जिले के 8 शिक्षकों ने बिलासपुर में अंग्रेजी का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस ट्रेनिंग का लाभ आने वाले दिनों में छात्र-छात्राओं को अवश्य मिलेगा।

जिले के विकासखंड डोंगरगांव, छुरिया एवं डोंगरगढ़ से चयनित अंग्रेजी विषय के व्याख्याताओं ने इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज इन एजुकेशन बिलासपुर में दस दिवसीय उन्नयन प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के शिक्षण कौशल विकास और कक्षा शिक्षण को प्रभावशाली बनाने हेतु आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण में निम्नलिखित शिक्षकों ने भाग लिया। जिसमें सुश्री ममता विश्वकर्मा प्रभारी प्राचार्य हाईस्कूल रुदगांव, श्रीमती त्रिनेत्रा साहू व्याख्याता हायर सेकेंडरी स्कूल बेलरगोंदी, राकेश साहू व्याख्याता हायर सेकेंडरी स्कूल करमतरा, धर्मेन्द्र कुमार रजक प्रभारी प्राचार्य हाईस्कूल जोब, प्रियंक बोरकर व्याख्याता हाईस्कूल तुर्रेगढ़, सुश्री गंगेश कीर्ति व्याख्याता हाईस्कूल बारनाराकला, मंगलदास सारले व्याख्याता हायर सेकेंडरी स्कूल पिनकापार, कमलेश कुमार देवदास व्याख्याता हायर सेकेंडरी स्कूल कोकपुर आदि शामिल है।

प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियां, सक्रिय कक्षा सहभागिता, भाषिक दक्षता बढ़ाने के उपाय और शिक्षण में तकनीकी संसाधनों के उपयोग जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। इस राज्य स्तरीय प्रशिक्षण का सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। जिससे उनकी अंग्रेजी भाषा में पकड़ मजबूत होगी और शिक्षण गुणवत्ता में सुधार आएगा। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन जिला स्तर पर भी समय-समय पर किया जाना चाहिए। जिससे अधिक से अधिक शिक्षकों को लाभ मिल सकें और शैक्षणिक गुणवत्ता में सतत सुधार हो।

# तुलसीदास एवं मुंशी प्रेमचंद को याद किया गया



गंडई (दावा)। शासकीय महाविद्यालय गंडई में हिंदी विभाग द्वारा गोस्वामी तुलसीदास जी एवम मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने तुलसीदास और प्रेमचन्द के साहित्य की प्रासंगिकता पर विचार रखते हुए दोनों के साहित्यिक योगदान को हिंदी साहित्य का अमूल्य निधि बताया। इस अवसर पर प्रेमचन्द और तुलसीदास के जीवन और साहित्य से जुड़े क्विंज प्रतियोगिता में कु. नेमा साहू ने प्रथम, अब्दुल हसन द्वितीय और गंगोत्री साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिंदी विभागाध्यक्ष गावस्कर कौशिक ने कहा कि तुलसीदास ने भक्ति आदर्श और नैतिकता का संदेश दिया वहीं प्रेमचन्द का यथार्थवादी लेखन सामाजिक बदलाव और चेतना का महत्वपूर्ण माध्यम बना। इस कार्यक्रम में प्रो टी एल वर्मा, प्रो पीके अमिला, क्रीडाधिकारी अनिता पौषार्य, गौरव जैन, शुभम दुबे, ओपी कौशिक, हेमन्त मिश्रा, डॉ.पद्मनी सिन्हा, शिल्पी देवांगन, दीपांशु यादव एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय तिलईरवार में मुंशी प्रेमचंद जी की जयंती मनाई गई



राजनांदगांव (दावा)। शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में 31 जुलाई को निबंधकार, साहित्यकार, कहानीकार, उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद जी की जयंती बड़े ही गौरव और उत्सव के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं मुंशी प्रेमचंद जी के तैलचित्र पर समस्त स्टॉफ सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा पूजा अर्चना कर आरंभ किया गया। कार्यक्रम प्रभारी थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता ने मुंशी प्रेमचंद जी के जीवन परिचय के ऊपर प्रकाश डाला गया। साथ ही बताएं कि प्रेमचंद जी को 'उपन्यास सम्राट' के रूप में जाना जाता है। उनकी रचनाएं आज भी प्रासंगिक है और हिंदी साहित्य में उनका स्थान बहुत ऊंचा है। श्रीमती अनुराधा ढोक व्याख्याता ने अपने उद्बोधन में बताया कि मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं में सामाजिक समस्याओं, खासकर किसानों और गरीबों की दुर्दशा का चित्रण है। उनकी कई उपन्यास, कहानी, नाटक और निबंध के बारे में जानकारी दिए जैसे सेवासदन, रंगभूमि, कायाकल्प, गबन, कर्मभूमि, गोदान आदि के बारे में सारगर्भित ढंग से व्याख्या किए। इसी कड़ी में हिंदी विषय की व्याख्याता श्रीमती सरोज भुआर्य मैडम ने मुंशी प्रेमचंद जी के जीवनी, लेखन, साहित्य में योगदान, सामाजिक चेतना आदि के बारे में काफी विस्तार पूर्वक व्याख्या करके सारगर्भित जानकारी दिए। साथ ही साथ यह भी बताएं कि मुंशी प्रेमचंद जी के माता जी का देहांत बचपन में ही हो गया था। जिससे उनके जीवन में बहुत कठिनाइयां आई। प्रेमचंद जी का जन्म एक गरीब परिवार में हुआ था उसके बावजूद उन्होंने पढ़ाई जारी रखा। प्रेमचंद जी ने हंस और जागरण जैसी पत्रिकाओं का संपादन भी किया।

वह एक प्रगतिशील लेखक थे और सामाजिक सुधारों के समर्थक थे। इसी कड़ी में कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 11वीं से कु. दिव्या, कु. काजल, कु. वेदवती,कु. वैशाली पाल, कु. जैस्मिन आदि छात्र-छात्राओं ने मुंशी प्रेमचंद जी के बारे में अपनी प्रस्तुति दिए। इस कार्यक्रम में श्रीमती अनुराधा ढोक, श्रीमती सरोज भुआर्य, श्रीमती रेखा मुरकुटे, थंगेश्वर कुमार साहू, राजेश कुमार नेताम, जितेंद्र कुमार कश्यप, पालक राम वर्मा, नोहर दास लिलहारे, हरिचंद यादव, अशीष मसीह, सुश्री रीचा चंद्राकर सुश्री हेमीन ठाकुर आदि सभी की उपस्थिति रही।

# महाविद्यालय में एक दिवसीय मतदान पत्र निर्माण कैंप




देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है और मतदान के माध्यम से वे अपने लोकतांत्रिक कर्तव्यों का निर्वहन कर सकते हैं

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.वी. रेवती के मार्गदर्शन में लोकतांत्रिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने हेतु महाविद्यालय परिसर में एकदिवसीय मतदान पत्र निर्माण कैंप का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान में निर्वाचन विभाग से हितेश चंद्रवंशी एवं प्रवीण ठाकुर उपस्थित रहे। जिन्होंने विद्यार्थियों को मतदाता बनने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों एवं मतदान के महत्व की जानकारी दी। कैंप के माध्यम से महाविद्यालय के लगभग 24 विद्यार्थियों का पंजीयन कर उन्हें मतदान पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता लाना तथा उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रेरित करना था। कैंप के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया और उन्होंने इस पहल की सराहना की। प्राचार्य डॉ. ई.वी. रेवती ने इस अवसर पर कहा कि 'देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है और मतदान के माध्यम से वे अपने लोकतांत्रिक कर्तव्यों का निर्वहन कर सकते हैं। ऐसे शिविरों से उनमें जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।' महाविद्यालय परिवार ने निर्वाचन विभाग का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन की बात कही। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेवती एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रदीप जांबुलकर, डॉ. आशा चौधरी, डॉ. आर.आर. कोचे द्वारा विद्यार्थियों को मतदाता परिचय पत्र का वितरण किया गया। इस कैंप के संचालन में स्वीप नोडल अधिकारी गुलशन सिंहा सहित एच आर पद्मे, नीलम चतुर्वेदानी आदि प्राध्यापकों ने सहयोग किया।

# खैरागढ़ टेम्पो स्टैंड का प्रतीक्षालय बना खतरा, क्षतिग्रस्त छत से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा



खैरागढ़ (दावा)। संगीत नगरी खैरागढ़ के सबसे व्यस्त टेम्पो स्टैंड में स्थित यात्री प्रतीक्षालय इन दिनों यात्रियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। पार्षद निधि से वर्षों पहले निर्मित यह प्रतीक्षालय अब जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। तेज आंधी-तूफानों में छत का एक बड़ा हिस्सा उड़ चुका है जबकि शेष टीन की चादरें आधी उखड़कर लटक रही हैं। ऐसे में हादसे की आशंका हर वक्त बनी हुई है।

यह प्रतीक्षालय डोंगरगढ़, लांजी, देवरी, पांडादाह, मुढ़ीपार और गातपार जैसे आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों के लिए प्रमुख इंतजार स्थल है। प्रतिदिन यहां बड़ी संख्या में यात्री बसों और ऑटो का इंतजार करते हैं, लेकिन छत की खतरनाक स्थिति के बावजूद लोग मजबूरी में वहीं बैठने को विवश हैं। स्थानीय ऑटो चालक नंदू यादव ने बताया कि, छत पिछले कई महीनों से टूटी हुई है लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधि आंखें मूंदे बैठे हैं। बरसात में यात्री भीगते हैं, फिसलन से गिरने का खतरा रहता है और अब तो छत की टीन भी कभी भी गिर सकती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह प्रतीक्षालय अब राहत नहीं, बल्कि भय का कारण बन गया है। लोगों की मांग है कि नगर पालिका और संबंधित जनप्रतिनिधि इस समस्या को प्राथमिकता दें और शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू कराएं। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़े हादसे की जिम्मेदारी प्रशासन पर होगी। मामले को लेकर जनता की मांग है कि हादसा होने से पहले सार्थक कार्रवाई हो।

# शक्तिधाम महाकाली मंदिर में विधिवत परंपरा के साथ मनाई गई नागपंचमी



राजनांदगांव (दावा)। शहर के बाबूटोला वार्ड क्रमांक 1 स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में नागपंचमी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना कर नागदेवता का आह्वान किया गया एवं जंगल से औषधीय जड़ी-बूटियों लाकर विधिवत पूजन किया गया।

मंदिर परिसर में गुरुदेव हरीश यादव के सान्निध्य में धार्मिक विधियों का आयोजन हुआ। गुरुदेव ने नागदेवता की पूजा कर क्षेत्र में शांति, सुख-समृद्धि और निरोगी जीवन की कामना की। उन्होंने बताया कि नागपंचमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति हमारी श्रद्धा और संवेदना को दर्शाने वाला दिन है। इस दिन नागदेवता को प्रसन्न करने के लिए परंपरागत बिहाट गीतों का भी गायन किया गया। जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। पूजा-अर्चना के दौरान बड़ी संख्या में मंदिर समिति के सदस्यगण, श्रद्धालुजन एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। सभी ने सामूहिक रूप से पूजा में भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

# कन्या महाविद्यालय में मनाई गई कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती




**खैरागढ़ (दावा)। नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ.ओ.पी. गुप्ता के निर्देशन में हिन्दी साहित्य के महान उपन्यासकार व कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाई गई।**

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिन्दी विभाग की प्रमुख अ.प्राध्यापक डॉ.मेधाविनी तुरे ने छात्राओं को प्रेमचंद के जीवन परिचय, साहित्यिक यात्रा तथा उनकी रचनाओं के मानवीय पहलुओं से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान डॉ.मेधाविनी ने प्रेमचंद की सुप्रसिद्ध कहानी 'कफ़न' पर विशेष चर्चा करते हुए उसमें निहित सामाजिक यथार्थ व मानवीय संवेदनाओं का विश्लेषण किया। इसके साथ ही छात्राओं द्वारा प्रेमचंद की बहुचर्चित कहानियों जैसे 'नमक का दरोगा', 'बूढ़ी काकी', 'ईदगाह' तथा 'पूस की रात' का प्रभावशाली वाचन किया गया।

कहानी वाचन के पश्चात छात्राओं ने प्रेमचंद की रचनाओं में समाहित मूल भावों एवं सामाजिक मूल्यों पर अपने विचार भी साझा किए।

जयंती कार्यक्रम में सिफा परवीन, अलीशा खान, निशा, गीतेश और योगिता ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग की अ.प्राध्यापक दूर्वासा सिन्हा द्वारा किया गया। इस अवसर पर वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रमुख अ.प्राध्यापक अजय वर्मा सहित महाविद्यालय की अनेक छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम ने छात्राओं में साहित्यिक अभिरुचि को जाग्रत करते हुए मुंशी प्रेमचंद की लेखनी के सामाजिक सरोकारों को समझने का सुअवसर प्रदान किया।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी : नांदगांव जिले के 1.05 लाख किसानों को मिले 22.61 करोड़ रूपए

## किसानों की मेहनत के कारण बना छत्तीसगढ़ धान का कटोरा, कृषि कार्य में विभिन्न आधुनिक कृषि यंत्रों का किया जा रहा उपयोग

**राजनांदगांव (दावा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी उत्तर प्रदेश से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के रूप में जिले के 1 लाख 5 हजार 252 किसानों को 22 करोड़ 61 लाख रूपए का भुगतान आधार बेस्ट प्रणाली के माध्यम से किया। यह दिन जिले में पीएम किसान दिवस के रूप में मनाया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी में आयोजित कार्यक्रम से सांसद संतोष पाण्डेय वर्चुअल माध्यम से जुड़े। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से अन्नदाता किसानों को सम्मान देने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। प्रधानमंत्री ने किसानों को फायदा एवं राहत देने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के रूप में जिले के 1 लाख 5 हजार 252 किसानों को 22 करोड़ 61 लाख रूपए का भुगतान आधार बेस्ट प्रणाली के माध्यम से किया है। उन्होंने कहा कि इस अच्छी बात की चर्चा हर घर एवं गली-महोल्ले में होनी चाहिए। उन्होंने सभी किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत राशि मिलने पर सभी किसानों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि खेती किसानी के परंपरागत तरीकों से लेकर आज के आधुनिक दौर में तेजी से बदलाव आए है। फसल जोताई, फसल कटाई, मिसाई, बोनी सहित अन्य कार्यों में खेत-खलिहानों में आधुनिक कृषि यंत्र, ट्रेक्टर, हार्वेस्टर, स्प्रिंकलर सहित विभिन्न आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग किया जा रहा है। अन्नदाता किसानों के उन्नति के लिए शासन द्वारा प्राथमिकता देते हुए कार्य किया जा रहा है। किसानों की मेहनत के कारण छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा गया है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है, जिससे किसान आर्थिक दृष्टिकोण से सशक्त हो रहे है। उन्होंने किसानों को आह्वान करते हुए कहा कि जल संरक्षण के लिए सभी किसान कार्य करें। उन्होंने जिले में आधुनिक तरीके से जल संरक्षण के लिए रिचार्ज सॉफ्ट एवं इंजेक्टशन वेल की तकनीक को अपनाने के लिए प्रशंसा की। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को अवश्य सुने। यह कार्यक्रम मार्गदर्शक, प्रेरणादायक एवं मनोबल बढ़ाने वाला है। इस अवसर पर उन्होंने किसानों को जानकारी देने के लिए लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया तथा किसानों को अरहर मिनी किट, केसीसी कार्ड एवं स्वाईल हेल्थ कार्ड का वितरण किया।


पीएम किसान सम्मान निधि किसानों को सम्मान देने का कार्य - संतोष पाण्डेय

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ विकास पथ की ओर अग्रसर है। मेहनतकश अन्नदाताओं के कारण हमें अन्न मिलता है। उनकी मेहनत तथा धान की फसल के कारण छत्तीसगढ़ धान का कटोरा कहलाता है। उन्होंने सभी किसानों से आग्रह करते हुए कहा कि ग्रीष्म ऋतु में धान की फसल नहीं लगाएं। ऐसे किसानों ने जिन्होंने ग्रीष्म ऋतु में धान की फसल लगाई थी। उनके धान की फसल को पानी की कमी के कारण नुकसान तो हुआ ही और बोरवेल का पानी भी समाप्त हो गया। जिले में पानी की कमी की समस्या को दूर करने के लिए हम सभी को जल संरक्षण करना है। जल है, तो कल है। उन्होंने सभी किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत राशि मिलने पर शुभकामनाएं दी।

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एक खास योजना है। जिसके अंतर्गत किसानों को उनकी खेती किसानी के दिनों में अप्रैल, अगस्त एवं दिसम्बर में राशि प्रदान की जाती है। पहली किस्त जब किसान खेती की तैयारी के समय व्यस्त रहते है। दूसरी किस्त अगस्त में निदाई, गुड़ाई के समय तथा तीसरी किस्त फसल कटाई के समय प्रदान की जाती है। आज जिले के 1 लाख 5 हजार 252 किसानों को 22 करोड़ 61 लाख रूपए का भुगतान आधार बेस्ट प्रणाली के माध्यम से किया गया है। इस दौरान ड्रोन के माध्यम से नैनो उर्वरक छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती हर्षी चंद्राकर, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती पूर्णिमा साहू, सरपंच सुग्रीव साहू, बिसेसर दास साहू, डॉ. विनम्रता जैन, सौरभ कोठारी, रविन्द्र वैष्णव, खिलेश्वर साहू, लीलाधर साहू, रोहित चंद्राकर, कृष्णा तिवारी, श्रीमती मधुसुकृत साहू, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. गुंजन झा, अनुविभागीय अधिकारी संतलाल देशलहरे, सहायक संचालक कृषि विरेन्द्र अनंत, सहायक मृदा परीक्षण अधिकारी श्रीमती रूपलता गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत केवल कृषि फार्म पर अपनी आजीविका के लिए निर्भर रहने वाले देश के लघु, सीमांत तथा दीर्घ कृषकों को हर 3 माह में 2000 रूपए के साथ सालाना 6000 रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस अवसर पर कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि उपज मंडी के समन्वय से जिला, ब्लाक एवं पंचायत स्तर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों की उपस्थिति में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जिले के किसान एवं नागरिक जुड़े तथा आयोजित कार्यक्रम स्थलों में किसान एवं नागरिकों सहभागिता रही।

# भाजपा में सदस्यता दीप : सदस्यता रत्न और गौरव पुरस्कार से नवाजे गए नेतागण

### पुरस्कार समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन आकर्षण का केंद्र रहे




राजनांदगांव (दावा)। विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में भाजपा के स्थापित होने के बाद अब अपने कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने जा रही है। इस कड़ी में आज प्रदेश भाजपा ने प्रदेश में सभी वरिष्ठ नेताओं का सम्मान समारोह मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के सानिध्य में आयोजित किया गया। सदस्यता अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं एवं प्रमुख नेताओं का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, रामजी भारती, भरत वर्मा सहित प्रदेश भाजपा के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को 12000 से अधिक सदस्य बनने के लिए सदस्यता रत्न का सम्मान दिया गया।

जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के अनुसार सम्मान समारोह में प्रदेश के सभी सक्रिय कार्यकर्ता, मंत्री, विधायक और सांसदों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं की सदस्य संख्या के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। 10000 सदस्य बनाने वालों को सदस्यता रत्न एवं 1000 का सदस्य बनाने वालों को सदस्यता दीप का सम्मान और 5000 सदस्य बनाने वालों को सदस्यता गौरव के सम्मान से नवाजा गया। श्री राजपूत ने बताया कि शैंकी बग्गा स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष को सदस्यता श्री सम्मान से पुरस्कृत किया गया। इसी तरह से भरत वर्मा प्रदेश महामंत्री, नीलू शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल और गीता घासी साहू पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और परदेसी राम सोनबॉईर तिलई मंडल अध्यक्ष को सदस्यता दीप सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में विशेष रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पटेल और राजनांदगांव सदस्यता अभियान के संयोजक सावन वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे और सभी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के साथ भोजन ग्रहण किया।

# लापता युवक की लाश उसकी ही बाड़ी में मिली, गांव में फैली सनसनी



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव ब्लाक के ग्राम छुरिया के नजदीक चिरचारीखुर्द गांव से 4 दिनों से लापता व्यक्ति का शव उसकी खुद की बाड़ी के पेंड़ में लटकी हुई मिली। इस घटना से आसपास में सनसनी फ़ैल गई।

बताया जाता है कि ग्राम चिरचारी खुर्द का 40 वर्षीय युवक महेश साहू पिता बिहारी लाल साहू पिछले 4-5 दिनों से लापता था। मृतक युवक के घर में मकान निर्माण का कार्य जारी था वही उसके घर के बगल में एक और मकान निर्माण कार्य चल रहा था। वहां काम करने वाले मजदूरों ने बदबू आने की जानकारी दी। बाद में बदबू आनी तेज हो गई तो लोगों ने खोजबीन जारी किया। इससे लोगों को महेश साहू की लाश उसके ही बाड़ी के पेड़ में लटकती हुई मिली। यह दृश्य देखकर मजदूरों में हड़कंप मच गया। वहीं लोगों को जानकारी होते ही गांव में सनसनी फ़ैल गई। इसकी की सूचना तत्काल डोंगरगांव थाने में दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच कर लाश को अपने कब्जे में लेकर आगे की जांच में जुट गई है।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 35 लाख की ठगी, पुलिस ने राजस्थान से पकड़े तीन आरोपी

**बालोद।** जिले के दल्लीराजहरा में शेयर ट्रेडिंग में अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर एक बीएसपी इंजीनियर प्रज्जवल मिलिंद बोरकर से 35 लाख 86 हजार रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के तीन आरोपितों को बालोद पुलिस ने राजस्थान के झुंझुनूं जिले से गिरफ्तार किया है। इस साइबर ठगी के मामले में दल्लीराजहरा थाना और साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई थी। आरोपितों के पास से तीन लाख रुपये नगद, छह मोबाइल फोन, आइडीबीआई, केनरा और एचडीएफसी बैंक की चेकबुक भी बरामद की गई है। पुलिस ने रामनिवास मुंड उम्र 36 वर्ष, मनीष कुमार उम्र 26 वर्ष और विवेक दतुसेलिया उम्र 26 वर्ष, थाना मुकुंदगढ़ को गिरफ्तार कर बालोद लाया गया है।

# शहर में धूमधाम से मनाया गया पूर्व महापौर नरेश डाकलिया का जन्मदिन

### मानव मंदिर चौक सहित जगह-जगह बिखरी जन्मदिन की खुशियां





राजनांदगांव (दावा)। शहर के पूर्व महापौर नरेश डाकलिया के जन्मदिन की आज जगह-जगह खुशियां बिखरी रही। पूर्व महापौर के समर्थकों ने उन्हें जन्मदिन की ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान सुबह से ही उसके निवास स्थान चौखड़िया पारा में जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का तांता रहा। लोगों ने मानव मंदिर चौक, जयस्तंभ चौक सहित शहर के विभिन्न स्थानों में आयोजन कर उनके जन्मदिन पर केक काटे और उनका स्वागत व अभिनंदन कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। बता दें कि शहर के कस्तूरबा भवन में आयोजित पार्थिव शिवलिंग पूजन कार्यक्रम में भी शहर की समाजसेवी महिलाओं ने पूर्व महापौर का जन्मदिन हैप्पी बर्थडे का गायन कर मनाया गया। वहीं लायंस क्लब के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल ने श्री डाकलिया का मुंह मीठाकर उन्हें जन्मदिन की ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# गुजराती स्कूल में राखी मेकिंग एवं फायरलैस कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित





राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव शहर में 1957 से संचालित शैक्षणिक संस्था गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव में राखी मेकिंग एवं फायरलैस कुकिंग प्रतियोगिता के आयोजन में विभिन्न छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिक्षिका भारतीय सोनकर एवं उनकी टीम के नेतृत्व में प्री प्राइमरी के नन्हे मुन्नों ने राखी बनाकर सबका दिल जीत लिया। रक्षाबंधन के उपलक्ष में नन्हे मुन्नों द्वारा बनाई गई राखियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

इसी कड़ी में माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं ने बिना आग के रसोई घर संभालने का कार्य किया। जिसमें प्रथम स्थान मुस्कान साहू ने शाही ब्रेड विद ड्राई फ्रूट बनाकर जीता, द्वितीय स्थान वरुण, साहिल, किशन, यशराज ने चिप्स भेल बनाकर जीता। तृतीय स्थान नव्या ने चॉकलेट डोनेट बनाकर जीता। इसी कड़ी में बच्चों ने ओरियो केक, ड्राई केक, चॉकलेट डेजर्ट, चना चोर, वेज बर्गर, विभिन्न प्रकार की भेल, पापड़ी चाट आदि विभिन्न व्यंजन बनाकर सबका दिल जीत लिया। प्रतियोगिता का आयोजन करने में साइमा अंजुम मैम का विशेष योगदान रहा। साथ ही शिक्षकवृंद का भी विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में शाला की प्राचार्य श्रीमती सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्य अर्पणा श्रीवास्तव एवं अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, मेंबर्स सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल, अनिल पटेल आदि उपस्थित रहे। गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव में डॉ. अभिषेक शुक्ला एवं उनकी टीम द्वारा कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टर की टीम द्वारा बच्चों को विशेष रूप से जंक फूड न खाने की हिदायत दी गई एवं पौष्टिक भोजन करने की सलाह देते हुए आउटडोर खेल में विशेष रूप से हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# आनंद चोपड़ा बने सन सिटी सोसायटी के पुनः अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। शहर की सबसे लोकप्रिय सोसायटी महावीर सन सिटी की जनरल बैठक 1 अगस्त को रात्रि संपन्न हुई। जिसमें आनंद चोपड़ा लगातार दूसरी बार सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए। बैठक प्रारंभ होने के पश्चात मिश्रीलाल गोलछा, राकेश ठाकुर, गोपाल खंडेलवाल एवं पी.पी. सिंह के द्वारा आनंद चोपड़ा के नाम का प्रस्ताव रखा गया। जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत से ध्वनिमत से पारित किया। राकेश ठाकुर ने अध्यक्ष चुनाव की पूरी जानकारी प्रस्तुत की। जिसमें कहा कि आनंद चोपड़ा की कार्यशैली, उनके लगन और मेहनत से जो मुकाम सन सिटी ने पाया है। उसके लिए जरूरी है कि अध्यक्ष के लिए पुनः उनका चुना जाना जरूरी है। उन्होंने पूरे तीन साल सन सिटी के विकास में लगाए, तन-मन से पूरे जतन से इतना समय दिया है, जो शायद ही कोई दे सके। इस अवसर पर उनके कार्यकारिणी की पूरी टीम उपस्थित रही। जिन्होंने उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चहुमुखी विकास में अपना हाथ बंटाया। बैठक में सन सिटी के सभी आजीवन सदस्य के अलावा अनेक परिवारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

अध्यक्ष आनंद चोपड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि आने वाले दिनों में सन सिटी में 15 अगस्त आजादी के पर्व मनाकर हम जितने भी त्यौहार आयेंगे। उन्हें पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। साथ ही सन सिटी के विकास के लिए आगे जो कार्य हैं। उन्हें पूरा करना है, उसकी प्राथमिकता होगी। किसी को कोई असुविधा न हो उसका पूरा ख्याल रखा जाएगा। इसके बाद आनंद चोपड़ा को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सभी ने उनका फूल माला और पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। आनंद चोपड़ा ने बताया कि उनके निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के अवसर पर कल सुबह 6.30 बजे बिल्डिंग ए व बी स्थित शिव मंदिर से एक लोटा जल चढ़ाकर भव्य कांवड़ यात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली जाएगी। जो बागेश्वर धाम मंदिर में पूरी होगी। जहां स्वल्पाहार की व्यवस्था भी रहेगी। अतः सभी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसका लाभ लेवें।

बधाई देने वालों में महावीर ग्रुप के चेयरमेन विनोद बोहरा, दिलीप गोलछा, सुशील माहेश्वरी, राजेश डागा, अतुल चोपड़ा, अशोक अग्रवाल, सारंग पहाड़े, गोविंद मलानी, राहुल कोठारी, विशाल शर्मा, परेश पटेल, राजेश गुप्ता अग्रहरि, रतन पटेल, कुणाल शर्मा, अंकुर जैन, ललित सांखला, दिलीप सांखला, दिनेश बगानी, विनय बिंदल, टीकम पारख, श्याम अग्रवाल, विनय गोयल, मनोज चितलांग्या, कमल किशोर साहू, संजय गुप्ता, अक्षय सांखला, राजू सांखला, नरेश खोटले, हरीश गांधी, हर्ष मिठीया, हरीश रायचा, लालू सांखला सहित महिलाओं में दीप्ति बिंदल, पिंकी माहेश्वरी, रूपाली गांधी रितिका तिवारी, कीर्ति अग्रवाल, नीलम सोनी, अर्पिता जेठानी, मनीषा देवांगन, रुचि श्रीवास्तव, विभा गुप्ता, एकता खंडेलवाल के साथ अनेक लोग रहे। यह जानकारी मनीष साहिता एवं योगेश कोटक ने दी।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवंआयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण


रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम - टेडेसरा
जिला- राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

# नवनियुक्त ट्रस्टी नारायण अग्रवाल की सदस्यता समाप्त



○ पूर्व मंत्री नवनीत तिवारी व नारायण अग्रवाल का नाम मतदाता सूची से होगा विलोपित
○ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा पारित आदेश अधिकार क्षेत्र से बाहर का है - छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय

**डोंगरगढ़ (दावा)।** हाल ही में संपन्न हुए मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के चुनाव में मां बमलेश्वरी सेवादल पैनल ने अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में 15 के मुकाबले 13 के अंतर से एक तरफ जीत हासिल की थी और भैया जी पैनल से मात्र दो सदस्य ट्रस्ट के रूप में निर्वाचित हो पाए थे। भैया जी पैनल की ओर से नव निर्वाचित ट्रस्टी नारायण अग्रवाल और चुनाव हार चुके नवनीत तिवारी को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के निर्णय से करारा झटका लगा है। अब मतदाता सूची से दोनों का नाम विलोपित हो जायेगा। नवनियुक्त ट्रस्टी नारायण अग्रवाल की सदस्यता भी समाप्त मानी जाएंगी। चुनाव के पूर्व हुई साधारण सभा की बैठक में सर्वसम्मति से दोनों की सदस्यता समाप्त करने का निर्णय लिया गया था। जिसे पंजीयक एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़ द्वारा बहाल कर दिया गया था।

पंजीयक के निर्णय के विरुद्ध याचिकाकर्ता मनोज अग्रवाल, अध्यक्ष, श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़, महेन्द्र परिहार मंत्री श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति ने प्रतिवादी छत्तीसगढ़ राज्य, कलेक्टर, जिला राजनांदगांव अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), डोंगरगढ़, नारायणलाल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान ट्रस्टी, नवनीत तिवारी, पूर्व मंत्री एवं वर्तमान ट्रस्टी के विरुद्ध चलते चुनाव के बीच छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। जिस पर न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा की अदालत ने गत 30 जुलाई 2025 को सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं ने राहत की मांग करते हुए कहा कि प्रतिवादी क्रमांक 2 द्वारा पारित आदेश दिनांक 3 जुलाई 2025 (संलग्नक पी/1) को रद्द किया जाए। क्योंकि यह अधिकार क्षेत्र से बाहर, गैरकानूनी, मनमाना, प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध तथा छत्तीसगढ़ सार्वजनिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के विपरीत है।

### बैठक कर प्रतिवादी क्रमांक 3 व 4 को ट्रस्ट से हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया

अन्य उपयुक्त राहत प्रदान करने की मांग करते हुए याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि, याचिकाकर्ता श्री माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ के वैध पदाधिकारी हैं। ट्रस्ट की आमसभा में 29 मई 2025 को विधिवत बैठक कर प्रतिवादी क्रमांक 3 व 4 को ट्रस्ट से हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया। यह प्रक्रिया संविधान व नियमों के अनुसार की गई थी। इसके बावजूद अनुविभागीय अधिकारी (प्रतिवादी 2) ने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर प्रतिवादी 3 व 4 की याचिका स्वीकार कर प्रस्ताव रद्द कर दिया, जो कि अनुचित, पक्षपाती व प्रक्रिया का दुरुपयोग है।

### धारा 27 के अंतर्गत निर्णय लेने का अधिकार केवल सिविल कोर्ट के पास है

राज्य के अधिवक्ता का तर्क था कि छग सार्वजनिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 की धारा 26 के अनुसार, पंजीयक (रजिस्ट्रार) केवल ट्रस्टी को न्यायालय में याचिका लगाने का निर्देश दे सकता है। धारा 27 के अंतर्गत निर्णय लेने का अधिकार केवल सिविल कोर्ट के पास है।

### अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा पारित आदेश अधिकार क्षेत्र से बाहर का है

दोनों पक्षों की दलीलों व दस्तावेजों को देखने के बाद, न्यायालय ने यह निष्कर्ष निकाला कि धारा 26 व 27 के अंतर्गत ट्रस्ट संबंधी विवादों का निर्णय केवल सिविल न्यायालय ही कर सकता है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा पारित आदेश अधिकार क्षेत्र से बाहर का है। अतः 3 जुलाई का आदेश (संलग्नक पी/1) जो अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), डोंगरगढ़ द्वारा पारित किया गया था, रद्द किया जाता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com